# देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 17 अगस्त 2023 । वर्ष –67 । अंक –282 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00

■ अमृतकाल में आत्ममुग्ध...
■ मोदी के खिलाफ इंडिया... 04
■ हिन्दू होने पर गर्व है, मेरी मेज पर भगवान...
■ आर्थिक मंदी से हांफ रहा ड्रेगन, बेरोजगारी... 09
■ अब चने पर भी महंगाई की मार
■ भारत का निर्यात क्षमता से काफी कम : रिपोर्ट 11
■ शीर्ष 7 में तीन बांये हाथ के...
■ इंगलैण्ड वन-डे टीम में... 10

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बड़े फैसले

# विश्वकर्मा योजना मंजूर, सौ से ज्यादा शहरों में चलेंगी 10 हजार ई-बसें

- तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों में चलेंगी ई-बसें
- विश्वकर्मा योजना के संचालन से 30 लाख परिवारों को मिलेगा फायदा, खर्च होंगे - 13000 करोड़ रुपये
- रेलवे से जुड़ी 32500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी मंजूरी
- डिजिटल इंडिया परियोजना के विस्तार के लिए 14903 करोड़ रुपये खर्च होंगे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के 169 शहरों में ई–बस चलाने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर 77,613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया है कि पीएम ई–बस सेवा को मंजूरी दे दी गई है। इस के लिए देश भर में लगभग 10,000 नई इलेक्ट्रिक बसें चलायी जाएंगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर एक ब्रीफिंग के दौरान, केंद्रीय मंत्री



अनुराग ठाकुर ने कहा, 57,613 करोड़ रुपये में से 20,000 करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री के अनुसार यह योजना तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी। इस योजना के तहत, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 10,000 ई–बसों के साथ सिटी बस संचालन किया जाएगा।

यह योजना 10 वर्षों के लिए बस संचालन का समर्थन करेगी। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने विश्वकर्मा योजना को भी मंजूरी दे दी है। दूसरी ओर, कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बुधवार को डिजिटल ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर




# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि–प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे।

औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास बस्ती में बुलडोजर चलाने पर 10 दिनों के लिए लगी रोक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मस्जिद के पास रेलवे की जमीन पर बसी कथित अवैध बस्तियों पर बुलडोजर एक्शन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास बुलडोजर कार्रवाई पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी है। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार और रेलवे को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले की सुनवाई एक हफ्ते बाद होगी।

याचिकाकर्ता का दावा किया था कि जिस जमीन से रेलवे अतिक्रमण हटा रहा था, वहां पर 100 साल से भी अधिक समय से लोग रह रहे हैं। इस आधार पर कार्रवाई रोकने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया गया कि रेलवे ने काफी सारा अतिक्रमण पहले ही हटा दिया है। अब सिर्फ 70–80 मकान बचे हैं।

# हिमाचल में भारी तबाही

## बाढ़, भू–स्खलन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बारिश और भूस्खलन से 66 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई स्थानों पर मकान ढहने से घायलों को बचाने और मलबे से शव निकालने के लिए अभियान जारी है।

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि- अब तक प्रदेश में 13 अगस्त को भारी बारिश शुरू होने के बाद से 66 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में हिमाचल प्रदेश में और अगले चार दिनों में उत्तराखंड भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। शिमला के कृष्णानगर इलाके में भूस्खलन के बाद छह अस्थायी सहित कम से कम आठ घर ढह गए और एक स्लॉटर हाउस मलबे में दब गया। 10 से अधिक लोगों के अभी भी शिव मंदिर में फंसे होने की आशंका है, जो सोमवार को ढह गया था।

शिमला के पुलिस कमिशनर आदित्य नेगी के मुताबिक राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और सेना ने पुलिस और एसडीआरएफ के साथ मिलकर सुबह करीब छह बजे समर हिल में बचाव अभियान फिर से शुरू किया।

## 66 मौतें

मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में मौजूदा स्थिति की समीक्षा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री सुक्खू से फोन पर बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया है।



## मोदी–शाह ने की मुख्यमंत्री से बात

# सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शब्दावली जारी की

### अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट, अफेयर जैसे शब्द नहीं होंगे इस्तेमाल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है। आठ मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी।

बुधवार 16 अगस्त को हैंडबुक जारी करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे जजों और वकीलों को ये समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। अब अदालतों में अफेयर , हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्दों को इस्तेमाल नहीं होगा।

### 3 महिला जजों ने बनाई शब्दावली, हैंडबुक लांच

सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि इस हैंडबुक में आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है और उसकी जगह इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द और वाक्य बताए गए हैं। इन्हें कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में प्रयोग किया जा सकता है। यह हैंडबुक वकीलों के साथ–साथ जजों के लिए भी है। इसे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। कानूनी शब्दावली को कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। **इन शब्दों को बदला गया**–इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता–पिता ने शादी न की हो, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का इस्तेमाल करने को कहा गया। इसके अलावा प्रोवोकेटिव क्लोदिंग/ड्रेस (भड़काऊ कपड़े) की जगह क्लोदिंग/ड्रेस, एफेमिनेट (जनाना) की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का प्रयोग, वफादार पत्नी/अच्छी पत्नी/आज्ञाकारी पत्नी की जगह वाइफ (पत्नी), भारतीय महिला/पश्चिमी महिला की जगह महिला, कॉन्क्युबाइन/कीप की जगह ऐसी महिला जिसका शादी के इतर किसी पुरुष से शारीरिक संबंध हो, जैसे वाक्य या शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

# सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई, 250 करोड़ प्रति किलोमीटर पहुंचा खर्च

### कांग्रेस ने कैग रिपोर्ट पर केंद्र पर घेरा, कहा- कैग की रिपोर्ट के खुलासों पर जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि लेखा और महानियंत्रण(कैग) की रिपोर्ट में जिन महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में घोटालों का पर्दाफाश हुआ है उनसे देश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और परियोजनाओं की साख पर भी सवाल उठे हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बारे में जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत माला परियोजना के तहत करीब 70–75 हजार किमी लम्बी सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके लिए निधि को मंजूरी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल समिति ने दी। इसके बावजूद एक किमी सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई और करोड़ों रुपए का फर्जीवाडा हुआ है। उनका कहना था कि द्वारका एक्सप्रेस–वे में 2 किमी सड़क बनाने में जितने रुपए खर्च हुए हैं उतने पैसे में मंगलयान मंगल ग्रह पर पहुंचा जा सकता है। इस सड़क को दुनिया का आठवां अजूबा घोषित कर देना चाहिए और उसे देखने के लिए टिकट लगना चाहिए।

**132 करोड़ रुपए अवैध वसूले गए** –उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जिस द्वारका एक्सप्रेस–वे की तारीफ करते नहीं थकती उसको लेकर जब खुलासा तो पता चला कि 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृत हुए थे लेकिन इस सड़क का निर्माण 250 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर पहुंचा है। इसी तरह से दिल्ली से मुंबई जाएंगे तो आपको छह हजार रुपए का टोल ही देना पड़ेगा, लेकिन कैग ने इसकी असलियत का भी खुलासा किया और सिर्फ पांच टोल का औचक आडिट किया और पता चला कि इसमें 132 करोड़ रुपए अवैध वसूले गए।

### घोटालों से देश को करोड़ों का नुकसान

श्रीनेत ने कहा कि कैग ने जिन परियोजनाओं में फर्जीवाड़ा होने की रिपोर्ट दी है उनमें भारतमाला प्रोजेक्ट की बोली में फर्जीवाड़ा, द्वारका एक्सप्रेस–वे में 1 किमी सड़क बनाने में 250 करोड़ खर्च, टोल नियमों का उल्लंघन करके एनएचएआई ने जनता से वसूले 132 करोड़, आयुष्मान भारत योजना के 7.5 लाख लाभार्थी एक ही नंबर से लिंक, अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पेंशन स्कीम का पैसा किया प्रचार में खर्च तथा एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन–प्रोडक्शन में गंभीर खामी के आरोप लगे हैं और रिपोर्ट के अनुसार इन घोटालों से देश को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

## सार संक्षेप

### कोटा में फिर एक छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। पिछले आठ महीने में कोटा में मरने वालों की संख्या 21 हो गई है। सिर्फ अगस्त में 4 छात्रों ने जान दे दी है। करीब 10 घंटे तक वाल्मिकी प्रसाद जांगिड़ का शव नहीं मिला। 18 वर्षीय छात्र आईआईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक वाल्मिकी प्रसाद जांगिड़ बिहार के गया का रहने वाला था।

### उल्टा तिरंगा फहराने पर असम भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी

**गुवाहाटी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान गुवाहाटी में पार्टी मुख्यालय पर कथित तौर पर उल्टा तिरंगा फहराने के आरोप में असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कलिता पर देशद्रोही गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों ने मंगलवार शाम को नगांव सदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने दावा किया कि राज्य भाजपा नेता को इस तथ्य की जानकारी थी कि तिरंगा उल्टा रखा गया था और इसके बावजूद उन्होंने इसे फहराया।

### नेहरू स्मारक संग्रहालय व पुस्तकालय का नाम बदलने की आलोचना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय–एनएमएमएल का नाम बदलने की आलोचना करते हुए कहा– भले ही सरकार ने नाम बदल दिया है लेकिन पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जो काम किए हैं और उसका जो विस्तार है वह कभी कम नहीं होगा, उनकी विरासत चिरस्थायी है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-उल्टा तिरंगा फहराने पर असम के भाजपा अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज हो गई है।

**चुहिया- हां प्रिये-** कानून अपना काम करेगा लेकिन उल्टा झंडा लगाने वालों की भी खबर ली जाना चाहिए

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर


A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**मिशन** | चांद से सिर्फ 163 किमी दूर है चंद्रयान-3

# आज अलग होगा प्रोपल्शन-लैंडर मॉड्यूल

**चेन्नई ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बुधवार को भारत के चंद्रयान–3 को चंद्रमा के और करीब ले जाते हुए कहा कि- लैंडर मॉड्यूल गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग किया जाएगा ।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान–3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही चंद्रयान की कक्षा बदलने का काम पूरा हो गया है। अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग–अलग यात्राओं के लिए तैयार हो रहे हैं।



प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को 17 अगस्त 2023 को अलग करने की योजना बनाई गई है।

चंद्रयान–3 में एक प्रणोदक मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल हैं। भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है।

चंद्रयान–2 मिशन में लैंडर पर नियंत्रण खो देने की वजह से उसकी सॉफ्ट लैंडिंग की जगह क्रैश लैंडिंग हो गई थी और लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है। सुरक्षित और ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## सूरीनाम के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में समझौतों को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सूरीनाम के साथ दो समझौतों को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। पहले समझौता ज्ञापन में केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और सूरीनाम सरकार के बीच चिकित्सा उत्पादों के आदान-प्रदान से संबंधित मामलों में सहयोग और सूचनाओं के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने की व्यवस्था है।



# मोदी ने 10वीं बार लालकिले से तिरंगा फहराया-कहा- देश मणिपुर के साथ, 3 गारंटियां दीं

**नई दिल्ली।** मेरे प्रिय 140 करोड़ परिवारजन..., देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से तिरंगा फहराने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला वाक्य था। इससे पहले वे मेरे प्यारे देशवासियों के साथ अपनी स्पीच शुरू करते थे। 90 मिनट यानी डेढ घंटे के भाषण में मोदी ने इस बार मेरे परिवारजन शब्द का 48 बार जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने लाल किले पर 10वीं बार झंडा फहराने के बाद अपने संबोधन में देशवासियों को बधाई दी। क्करू ने मणिपुर हिंसा, रिफॉर्म्स पर बात की। साथ ही अपनी सरकार के काम का 10 साल का हिसाब दिया। उन्होंने राजनीति से तीन बुराइयों परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति की अपील भी की। क्करू ने लोगों से आशीर्वाद मांगते हुए कहा, %2047 में देश जब स्वतंत्रता के 100 साल का जश्न मनाए तो हमारे देश का तिरंगा दुनिया में विकसित देश की पहचान के साथ लहराए।

इसके लिए आने वाले 5 साल को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया और दावा किया कि लाल किले पर 2024 में वे ही तिरंगा फहराएंगे। मोदी ने देशवासियों को 3 गारंटी भी दीं। पहली- 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। दूसरी- शहरों में किराए के मकानों में रहने वालों को बैंक लोन में रियायत मिलेगी। तीसरी- देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। 17 सितंबर को विश्वकर्मा योजना शुरू करने का ऐलान किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - डिण्डौरी (म.प्र.)

एनआईटी नं.-19/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी/........ जबलपुर दिनांक 08.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| सं. क्रं | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2023_ PWPIU_ 298464_1 | जिला डिण्डौरी में नवीन स्वीकृत कार्यों में सुरविजन एवं क्वालिटी कंट्रोल का कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | डिण्डौरी | 121.52 | 121520.00 | 12500.00 | 24 माह वर्षाऋतु सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.08.2023 समय 9.00 से दिनांक 25.08.2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, डिण्डौरी (म.प्र.)**

G-18401/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद सौसर, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Email ID-cmosonsar@mpurban.gov.in, phone No.-

क्रमांक-334/लो.नि./न.पा.प./2023 सौंसर, दिनांक 16-08-2023

### / / निविदा सूचना / /

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमाक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_ 298902_1 दि. 17-08-2023 | वार्ड क्र. 7 एवं 5 में अटल बिहारी स्टेचयु प्लेटफार्म निर्माण कार्य | 1 माह, 3,75,741/- | 2,000/- 3,800/- | 04-09-2023 |
| 2023_UAD_ 298903_1 दि. 17-08-2023 | वार्ड क्र. 02 में टिन शेड निर्माण कार्य (सांसद निधि) | 2 माह, 2,55,783/- | 2,000/- 2,600/- | 04-09-2023 |

शर्तें- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सौंसर**


## प्रथम पृष्ठ का शेष


### पश्चिम मध्य रेल
**ई-ऑक्शन**

**क्र.** जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/23, **दिनांक:** 11.08.2023. वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआरलीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी:** पार्सल लीजिंग **कैटेलाग:** JBP-C-Parcel-27 **एसेट विवरण:** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12194, 11265, 12160, 05705, 11651, 18248, 11754, 22938, 11703, 11756, 22190, 22192, 12186, 20827, 22174, 12121, 05703, 22188, 22162, 12062, 20906, 11464, 11705, 22189, 11706, 12192, 12181, 22181 के एसएलआर लीजिंग हेतु। जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12187-12188 & 11447-11448 के पार्सल यान लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ:** 28.08.2023, 10:00 hrs. **ऑक्शन समापन:** 28.08.2023, 16:00 hrs. **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखे। **2.** उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!


### विश्वकर्मा योजना......

इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को भी हरी झंडी दिखा दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री ने पारंपरिक कौशल वाले लोगों का समर्थन करने के लिए %पीएम विश्वकर्मा% योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत उदार शर्तों पर 1 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा। इस योजना के संचालन से देशभर के करीब 30 लाख विश्वकर्मा परिवारों को फायदा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 13,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दे दी, जिससे बुनकरों, सुनारों, लोहारों, कपड़े धोने वाले श्रमिकों और नाइयों सहित लगभग 30 लाख पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के परिवारों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में इस योजना की घोषणा की थी। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि योजना के तहत शिल्पकारों को पहली किस्त में एक लाख रुपये और दूसरी किस्त में दो लाख रुपये का रियायती ऋण दिया जाएगा। ये ऋण 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मंगलवार को प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि यह योजना 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर शुरू की जाएगी।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ब्रीफिंग में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 32,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ भारतीय रेलवे को लक्षित सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित परियोजनाएं मौजूदा लाइन क्षमता को बढ़ाने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने, भीड़ को कम करने और यात्रा और परिवहन में आसानी की सुविधा प्रदान करने में मदद करेंगी। वैष्णव ने कहा कि उक्त परियोजनाएं जो पूरी तरह से इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर बनाई जाएंगी, भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी। परियोजनाओं को केंद्र सरकार से 100 प्रतिशत वित्त पोषण प्राप्त होगा। ये योजनाएं आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 35 जिलों को कवर करेंगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया परियोजना के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### जीवन में कुछ बेहतर....

मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने यहां पुस्तकालय भवन का लोकार्पण और कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने भी समारोह को संबोधित किया।

### आज अलग होगा....

जोखिम-रहति क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले साइट की इमेजिंग की जाएगी। लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को भारत के हेवी लिफ्ट रॉकेट एलवीएम-3 द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। इसके बाद 1 अगस्त को इसने पृथ्वी की कक्षा को छोड़कर चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया था।


### भा.कृ. अनु.प. - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
महाराजपुर, अधारताल, जबलपुर - 482004 (म.प्र.) भारत
Maharajpur, Adhartal, Jabalpur 482 004 (M.P.), INDIA

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम, मंडी परिसर, जबलपुर में स्थित है के प्रोसेसिंग प्लांट (Processing Plant) पर दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह 1.30 बजे धान, मूंग सरसों, गेहूं एवं चना प्रक्षेत्र उत्पाद (अन्दर साइज) एवं निदेशालय प्रक्षेत्र में उपलब्ध मक्का का विक्रय किया जावेगा। इस कार्य हेतु शीर्ष पत्र (लेटर हेड) पर बनाइ गई मुहर बंद निविदा दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह 12.30 बजे तक प्रोसेसिंग प्लांट के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

अधिक जानकारी के लिए निविदाकर्ता निदेशालय की वेबसाइड (https://dwr.icar.gov.in) देखें।

प्रभारी क्रय एवं भण्डार





# देश-प्रदेश

उवाच

## सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएगी कांग्रेस

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो वह बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएगी, लेकिन 'गुंडों' और 'दंगाइयों' को बख्शा नहीं जाएगा। सिंह ने 'हिंदू राष्ट्र' पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की टिप्पणियों को लेकर उनका बचाव किया। श्री सिंह ने यह पूछने पर कि क्या सत्ता में आने पर कांग्रेस बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाएगी, हम प्रतिबंध नहीं लगाएंगे। बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं, लेकिन, जो गुंडे हैं और दंगों में शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।''



मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, कहा-

## 10 महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांतियों से देश में विकास का मध्यप्रदेश मॉडल बना उदाहरण

- जन आवास योजना से मिलेगा सभी को आवास, कोई नागरिक बिना छत नहीं रहेगा
- जो परिवार आयकर दाता नहीं, अन्य स्वास्थ्य सुविधा नहीं लेते, वे सभी आयुष्मान योजना के पात्र होंगे
- प्रदेश में प्रत्येक 50 परिवार पर होगा एक जन सेवा मित्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सभी नागरिकों को पक्का मकान मिलेगा। कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। आवास प्लस में जो लोग शामिल नहीं हैं उन हितग्राहियों को भी योजना में शामिल किया जाएगा, मुख्यमंत्री जन आवास योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में बचे हुए परिवारों को भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें उपचार की सुविधा मिल सके। जो परिवार इनकम टैक्स नहीं देते या अन्य किसी माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं लेते उन सभी परिवारों को आयुष्मान योजना सम्मिलित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना में 3 करोड़ 50 लाख से अधिक नाम जोड़े गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की परिभाषा जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा शासन को सही अर्थों में जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र, जनता और सरकार के बीच का काम करते हैं। इन्हें प्रत्येक 50 परिवारों पर दायित्व दिया जाएगा। प्रदेश में करीब 3 लाख युवाओं को इस दायित्व से जोड़ेंगे। प्रदेश का कोई भी कोना या कोई भी दिशा विकास से वंचित न रहे, इसके लिए केन्द्र के साथ राज्य की डबल इंजन सरकार सच्चे अर्थों में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भारत को एक सूत्र में जोड़ने का दिन है। यह शहीदों के बलिदान के यशगान का दिन है। ये 140 करोड़ भारवासियों की मुस्कान का दिन है। भारत का इतिहास सिर्फ 76 साल पुराना इतिहास नहीं, बल्कि हजारों साल का पुराना ज्ञात इतिहास है। जब दुनिया में सभ्यता का सूर्योदय नहीं हुआ था, तब भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय संचालित थे। भारत की धरती ने सत्यमेव जयते का उद्घोष किया।

कांग्रेसजनों ने तिरंगे को दी सलामी

### महापुरूषों का सपना था, आमजन खुशहाल रहे : कमलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि देश के महापुरूषों का सपना था कि भारत का आमजन खुशहाल रहे। देश में हर समाज, जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और संस्कृति को मानने वाले लोग आपस में भाईचारे से रहें। भारत तरक्की की सीढ़ियां चढ़े और दुनिया में सबसे ऊंचा मुकाम हासिल करे। यह विचार उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में व्यक्त किए। इसके पहले कमलनाथ ने यहां ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विजय गीत 'विजय विश्व तिरंगा प्यारा' और राष्ट्र-गान 'जन-गण-मन' का गायन हुआ।

प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं ने फहराया ध्वज

### भारत ने दुनिया में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ : शर्मा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आजादी के 77 वर्षों और इस अमृतकाल के दौरान भारत ने दुनिया में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और भारत पर दुनिया का विश्वास बढ़ा है। देश ने हर गरीब के जीवन को बदलने में नए आयाम छुए हैं। उन्होंने कहा कि आज इस पावन पर्व पर देश की आजादी को अक्षुण बनाए रखने का पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर सभी प्रदेशवासियों ने संकल्प लिया है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। इसके पहले भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया।

### आइसोवा ने आसरा वृद्धाश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**भोपाल, देशबन्धु।** आई.ए.एस. ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आसरा वृद्धाश्रम में बुजर्गों को भोजन व फल का वितरण किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पिपलानी अनाथ आश्रम गृह में स्वतंत्रता दिवस मनाया। वहाँ के बच्चों ने इस अवसर पर सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी। एसोसिएशन द्वारा यहाँ रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग दिये व साथ ही मिठाईयों, बिस्कुट, नमकीन, फल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आइसोवा अध्यक्ष श्रीमती सिमरन बैंस, सचिव श्रीमती सीमा सुलेमान, संयुक्त सचिव श्रीमती शिप्रा पोरवाल तथा एसोसिएसन के सदस्य उपस्थित थे।

## नूंह के बाद पानीपत में हंगामा, तिरंगा यात्रा निकाल रहे युवक लाठी-डंडों के साथ धर्म स्थल में घुसे, नारे भी लगाए





**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में 15 अगस्त के दिन माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। तिरंगा यात्रा के दौरान कुछ युवकों ने एक धर्म स्थल के बाहर जमकर बवाल किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक नारेबाजी भी की और डीजे बजाए। आरोप है कि कुछ युवक लाठी-डंडे लेकर एक धर्म स्थल के अंदर भी घुस गए।

धर्म स्थल के बाहर हंगामा करने का आरोप विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पर लगा है। जिस स्थान के बाहर हंगामा हुआ, वहां के इमाम ने डीजीपी को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की. इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई है।

धर्मस्थल के व्यवस्थापक ने कहा तैयब सुरैया ने तिरंगा बनाया था। इस तिरंगे पर सबका बराबर हक है। उन्होंने कहा कि सुबह छह बजे धर्म स्थल पर तिरंगा लगा दिया था। हम अपने सिर पर तिरंगा बांधने को तैयार हैं। वहीं शिकायत पर डीएसपी ने कहा कि हम माहौल नहीं बिगड़ने देंगे। पुलिस हुड़दंगियों से सख्ती से पेश आएगी। धर्म स्थल के बाहर सुरक्षा को देखते हुए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

**हिंसा को लेकर 142 एफआईआर दर्ज** -हरियाणा में हिंसा को लेकर 142 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 312 लोगों को गिरफ्तार किया गया. अकेले गुरुग्राम में हिंसा को लेकर 37 मामले दर्ज किए गए. अब तक 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 93 लोगों को हिरासत में लिया गया।

## मुख्यमंत्री आज सिंगल क्लिक से करेंगे साइकिल क्रय के लिए 207 करोड़ की राशि अंतरित

### 81 करोड़ की लागत के महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल भवन का करेंगे भूमि-पूजन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अगस्त को भोपाल के भेल (बरखेड़ा) में 81 करोड़ 12 लाख की लागत राशि से बनने वाले सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान साइकिल क्रय करने हेतु विद्यार्थियों के बैंक खाते में 207 करोड़ रूपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे।



नि:शुल्क सायकिल वितरण योजना में विद्यार्थियों को साइकिल क्रय करने के लिए इस वर्ष प्रदेश के 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को यह राशि अंतरित की जाएगी। इसके लिए लाभार्थी विद्यार्थियों के बैंक खातों की केवाईसी कर ली गई है।

**योजना में इस वर्ष 4 लाख 60 हजार विद्यार्थी होंगे लाभान्वित**

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया कि साइकिल वितरण योजना वर्ष 2004-05 से संचालित है। इस योजना में ऐसे विद्यार्थी, जो शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत है तथा वह जिस ग्राम के निवासी है, उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक/हाईस्कूल संचालित नहीं है तथा वह अध्ययन के लिए किसी अन्य ग्राम/ शहर के शासकीय स्कूल में जाते हैं, को नि:शुल्क साइकिल से लाभान्वित किया जाता है। इस वर्ष 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों के खातों में सायकिल क्रय के लिए 207 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेस और आप के बीच खटपट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस की बैठक के बाद जब दिल्ली कांग्रेस के नेता बाहर आए तो उन्होंने साफ लफ्जों में कह दिया कि कांग्रेस दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और बैठक में आम आदमी पार्टी से गठबंधन की कोई बात नहीं हुई है।

उधर, जब कांग्रेस नेताओं के ऐसे बयान आए तो आम आदमी पार्टी की ओर से भी कह दिया गया है कि अगर ऐसी बात है तो फिर मुंबई में होने वाली महागठबंधन की बैठक में जाने का कोई मतलब नहीं है. सवाल ये है कि अब आम आदमी पार्टी क्या करेगी. कांग्रेस को मात देकर जो पार्टी अस्तित्व में आई. कांग्रेस के दो मजबूत गढ़ दिल्ली और पंजाब को छीन लिया उस पार्टी के साथ कांग्रेस कैसे सामजस्य बैठाएगी? ये बड़ा सवाल है।

**आम आदमी पार्टी का कांग्रेस नेताओं के बयान पर पलटवार**-इस पर आम आदमी पार्टी ने सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए

**दिल्ली की सीटों को लेकर बयानबाजी**

दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब च्छ्वह्लष्ठ्ठ्ठ्ठ के सभी दल बैठेंगे, सीट शेयरिंग पर चर्चा करेंगे, सभी पार्टियों का राष्ट्रीय नेतृत्व आमने सामने बैठकर इस पर चर्चा करेगा, तब पता चलेगा कि कौन सी पार्टी को कौन सी सीटें मिलती हैं. यह तो बहुत आगे की बात है. सौरभ ने अलका लांबा और अनिल चौधरी पर पलटवार करते हुए कहा कि ये बहुत छोटे-छोटे नेता हैं. इनकी जमानत भी नहीं बची. दोनों की ही जमानत कहां बची, दोनों के वोट मिला लें, तो भी वे नहीं जीतेंगे.

**अलका लांबा के बयान पर कांग्रेस की सफाई**- दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने बाद में एक प्रेस कांफ्रेंस कर अलका लांबा के बयान का खंडन किया. उन्होंने कहा कि अलका लांबा एक प्रवक्ता हैं लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने के लिए वह अधिकृत प्रवक्ता नहीं हैं. आज बैठक में ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई. मैं अलका लांबा के बयान का खंडन करता हूं।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. JC-452039P SUB HONY CAPT BHAWANI SINGH SHEKHAWAT UNIT-19 GRENADIERS निवासी VILLAGE- ABHAYPURA, POST ABHAYPURA, TEH- DATARAM GARH, DISTT- SIKAR, STATE- (RAJ) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम RUP KANWAR दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम ROOP KANWAR SHEKHAWAT है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम ROOP KANWAR SHEKHAWAT को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- RUP KANWAR
सही नाम- ROOP KANWAR SHEKHAWAT

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 2698353X, RANK- L/HAV, NAME- RANVEER SINGH SHEKHAWAT, UNIT-19 GRENADIERS निवासी VILLAGE- DEENWA, POST MANDAWA, TEH- JHUNJHUNU DISTT - JHUNJHUNU, STATE- (RAJ) PIN-333704 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम YANSHWANT SINGH SHEKHAWAT दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम YASWANT SINGH SHEKHAWAT है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पुत्र के इस नाम YASWANT SINGH SHEKHAWAT को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Army No 15668019F, Rank-HAV, Sarvjeet Yadav, पुत्र- Ramashish Yadav उम्र 45 वर्ष निवासी-ग्राम Topratola पोस्ट ऑफिस Sirmatpur तहसील एवं पुलिस स्टेशन Pirpainti जिला- Bhagalpur राज्य- Bihar, पिन 813209, मेरे पुत्र के मेरे आर्मी रिकार्ड में नाम Satya Prakash दर्ज हो गया है जो गलत है जबकि मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों नाम Satya Prakash Yadav दर्ज है जो सही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति की है। मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरे पुत्र नाम Satya Prakash के स्थान पर नाम Satya Prakash Yadav दर्ज किया जाकर लिखा पढ़ा जाए जो सही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पक्षकार अवधेश कुमार अहिरवार पिता श्री घनश्याम दास अहिरवार उम्र 22 वर्ष, निवासी 94/1, मेन रोड, विनोवाभावे वार्ड, पनागर जिला जबलपुर मध्यप्रदेश का दस्तावेजों में सरनेम अहिरवार उल्लेखित है, जो कि, दिनांक 12/08/2023 को शपथ पत्र देकर घोषित करता हूं कि आज दिनांक से मेरा पक्षकार अपना नाम अवधेश कुमार सिंह लिखेगा एवं इसी सरनेम से जाना - पहिचाना व लिखा - पढ़ा जावेगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Archana Rajaram Rupanar पत्नि Rupanar Rajaram Haibati उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम Amarapur पोस्ट ऑफिस Amarapur तहसील Kadegaon, जिला - Sangli राज्य- Maharashtra पिन 415305, मेरे पति का Army No JC 389122P, Rank-SUB, Rupanar Rajaram Haibati है तथा जो वर्तमान मे Jabalpur (M.P.) पदस्थ है । मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में नाम Archana Rupanar DOB 30/05/1984 दर्ज है जो गलत है मेरे समस्त दस्तावेजो Archana Rajaram Rupanar DOB 30/05/1986 दर्ज है जो सही है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम Archana Rupanar के स्थान पर मेरा नाम Archana Rajaram Rupanar दर्ज किया जाकर लिखा पढा जाए जो सही है।

**नाम सुधार**

मैं Nazneen Saba W/o. Mirza Owais Raza यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर Y7949841 जारी दिनांक 08/08/2023 वैद्यता दिनांक 07/08/2033 में भूलवश मेरे एवं मेरे पति के नाम की स्पेलिंग Naajneen Saba W/o. Mirza Owais Raja दर्ज हो गई है जो कि गलत है, जबकि मेरे एवं मेरे पति के नाम की सही स्पेलिंग Nazneen Saba W/o. Mirza Owais Raza है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, आदि में दर्ज है । अतः मेरे एवं मेरे पति के नाम की स्पेलिंग को भविष्य में Nazneen Saba W/o. Mirza Owais Raza ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें ।

त्रुटिपूर्ण नाम - NAAJNEEN SABA W/O. MIRZA OWAIS RAJA
सही नाम - NAZNEEN SABA W/O. MIRZA OWAIS RAZA

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.14/8/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार, सतीश कुमार, श्रीमती सुमन माबई पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार माबई ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 673 डॉ. पाण्डे अस्पताल के पीछे ब्यौहारबाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428232 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 700 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज स्व. श्रीमती जानकी बाई पति देवनारायण माबई प्रकाश कुमार देबरस पिता स्व. भास्कर कृष्ण राव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. JC-452847M SUB SANJAI SINGH UNIT- 9 GRENADIERS (MEWAR) निवासी VILLAGE- UTARAULI, POST UTARAULI, TEH- ZAMANIA_DISTT - GHAZIPUR, STATE- (UP), PIN-232333 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम PRIYANSU SINGH दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम PRAYANSHU SINGH है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पुत्र के इस नाम PRAYANSHU SINGH को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-PRIYANSU SINGH
सही नाम-PRAYANSHU SINGH

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं NIRMLA DEVI SHARMA is legally wedded spouse of Army No JC-582522H RANK SUB NAME SURESH KUMAR SHARMA of Presently residing at Vill - SALYAT, P/O- BHUMTI TEH- ARKI, DISTT- SOLAN (HP) PIN 173221 शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम NIRMLA DEVI SHARMA to NIRMALA DEVI में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755584 दिनांक 14/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम-NIRMLA DEVI SHARMA
सही नाम-NIRMALA DEVI

**नाम परिवर्तन सूचना**

I Army No JC- 582868M Rank SUB Name VIJAY KUMAR PATHANIA Presently residing at Vill- GHATIAN PO- KAPAHRA Teh- GHUMARWIN Distt BILASPUR (HP) PIN- 174029 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम BALDEV SINGH PATHANIA दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम BALDEY SINGH है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम BALDEV SINGH को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 755583 दिनांक 14/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम-BALDEV SINGH PATHANIA
सही नाम-BALDEV SINGH

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.14/8/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्र प्रकाश सोनकर उर्फ टीटू पिता स्व. श्री मगन लाल सोनकर ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 526 उषामित्रा मार्ग ब्यौहारबाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 40600397, 1000429689 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1819 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 800 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रकाश कुमार देबरस पिता स्व. भास्कर कृष्ण राव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
र.नं. 971 संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 58
2023-2024 दिनांक 08/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.श्रीमती कुसुम बेंड, पति- स्व. श्री राम राव बेंड, 2. श्री जितेन्द्र, 3. श्री ज्ञानेश्वर बेंड, 4. लेखा बेंड, पिता- स्व. श्री राम राव बेंड , ने भवन क्रमाक 4218/2, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000445309 जलकर पिन नं. .........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री राम राव बेंड, पिता- स्व. श्री भूरा जी, वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड , निर्मित भूतल 560 व.फु. , विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 59
2023-2024 दिनांक 08/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री मोहम्मद शाहनबाज, पिता- श्री मुस्ताक अहमद , ने भवन क्रंमाक ....., संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366165 जलकर पिन नं. .........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री अमरचंद जैन, पिता- श्री बाबू लाल जैन , वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड , निर्मित भूतल 1100 व.फु. आर.सी.सी., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - .......
2023-2024 दिनांक 27/07/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती सपना जैन, पति- श्री सपन जैन, 2. श्री सपन जैन, पिता- श्री सुरेन्द्र कुमार जैन , ने भवन क्रंमाक 727, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000362173 जलकर पिन नं. 2393971, पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - 1. श्री विश्वनाथ, पिता- स्व. श्री महेश प्रसाद मिश्रा, 2. श्री राम विशल, पिता- मूलचंद शुक्ला , वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1050 व.फु. आर.सी.सी., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 60
2023-2024 दिनांक 16/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.श्रीमती सोनम बैस, पति- श्री पंकज सिंह, 2. श्री पंकज सिंह, पिता- शिवनारायण सिंह , ने खसरा क्रंमाक 260 से 266 का भाग, पी.नं. 107, संपत्ति कर/ पिन नं. 1004505774 जलकर पिन नं. ...., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री सत्यप्रकाश अरेले, पिता- स्व. श्री सुरेश चंद अरेले, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 1000 व.फु., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रतीपाल सिंह उम्र 82 वर्ष, पिता स्व. श्री राम सरूप सिंह वर्तमान पता 1MTR 1STC जबलपुर का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं, मेरा आधार नं. 5543 6965 5606 है। 2. यह कि मैं रतीपाल सिंह F/O मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह आर्मी नं. JC382466 पद-सूबेदार मेजर & होनरी लेफ्टिनेंट के पद पर 1MTR 1STC जबलपुर में कार्यरत हैं। 3. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि जो दर्ज है 01/07/1942 जो कि गलत है। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्मतिथि जो दर्ज है 02/05/1941 जो कि यह वास्तविक जन्मतिथि है जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरी वास्तविक जन्मतिथि 02/05/1941 दर्ज या सुधार की जाये। जिस वास्ते उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर, दिनांक 17.07.2023

शपथ कर्ता
रतीपाल सिंह
र.नं. 956

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती भंवर कुमारी उम्र 80 वर्ष पति रतीपाल सिंह वर्तमान पता 1MTR 1STC जबलपुर का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं, मेरा आधार नं. 2444 0764 5389 है। 2. यह कि मैं श्रीमती भंवर कुमारी मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह आर्मी नं. JC382466 पद-सूबेदार मेजर & होनरी लेफ्टिनेंट के पद पर 1MTR 1STC जबलपुर में कार्यरत हैं। 3. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम जो दर्ज है BHOUR DEVI जो कि गलत है। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा जो नाम है वह वास्तविक नाम BHANWAR KUMARI जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम BHOUR DEVI से BHANWAR KUMARI कर सुधार किया जावे। 6. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि जो दर्ज है 01/07/1945 जो कि वह गलत है। 7. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरी वास्तविक जन्मतिथि 14/01/1943 दर्ज है जो कि यह मेरी वास्तविक जन्मतिथि है। जो कि सत्य व सही है। 8. यह कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा वास्तविक नाम BHANWAR KUMARI एवं मेरी वास्तविक जन्मतिथि 14/01/1943 दर्ज या सुधार की जाये। जिस वास्ते उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर, दिनांक 17.07.2023

शपथ कर्ती
श्रीमती भंवर कुमारी
र.नं. 957

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर**
प्रकरण क्रमांक 50/ अपील / 23-24 **//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आध्यात्मिक पुनरोत्थान ऋषिकेश पोढी उत्तर प्रदेश द्वारा जे. पी. श्रीवास्तव म.प्र. अधिवक्त प्रतिनिधि सुरेन्द्र तिवारी पिता बी. पी. तिवारी निवासी वार्ड 11, सिहोरा, जबलपुर के द्वारा अनावेदक- 1. श्री अवधेश पाण्डेय पिता गया प्रसाद पाण्डेय निवासी म.नं. 139, ग्राम पंचायत, तिखारी घुटिया हर्रई, जबलपुर 2. एस.आर.एस. फाउन्डेशन ऑफ इंडिया द्वारा श्री रंजीत प्रसाद भाई मिस्त्री पिता स्व. श्री प्रताप भाई मिस्त्री निवासी 304, कृष्णा हेरीटेज, सी.एच.एस. लिमि. लिंक रोड, डॉन बास्को शाला के आगे एम.एच.बी कॉलोनी बोरीवली वेस्ट महाराष्ट्र हॉल मुकाम कल्चुरी रेसीडेन्सी, सिविल लाईन, जबलपुर 3. श्री रमेश सोनकेसरिया पिता रोना प्रसाद सोनकेसरिया निवासी ग्राम घुटिया, ग्राम पंचायत तिखारी हर्रई जबलपुर के विरूद्ध म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 अंतर्गत अपील पेश कर मौजा घुटिया प.ह. तिखारी प.ह. 31 रा.नि.मं. जबलपुर तहसील जबलपुर स्थित खसरा नं. 7/3, 7/4, 7/5 रकवा 0.810, 2.590, 2.590 हेक्टे. को प्रश्नगत किया गया है। उक्त आवेदक की सुनवाई इस न्यायालय में प्रचलित है एवं आगामी पेशी दिनांक 28.08.2023 नियत है। अतः प्रति अपीलार्थी अथवा अन्य हिबतबक्ष पक्षकार नियत दिनांक को इस न्यायालय में समय 3.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। जारी दिनांक 31.07.2023

अनुविभागीय अधिकारी
जबलपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर**
प्रकरण क्रमांक 49/ अपील / 23-24 **//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आध्यात्मिक पुनरोत्थान ऋषिकेश पोढी उत्तर प्रदेश द्वारा जे. पी. श्रीवास्तव म.प्र. अधिवक्त प्रतिनिधि सुरेन्द्र तिवारी पिता बी. पी. तिवारी निवासी वार्ड 11, सिहोरा, जबलपुर के द्वारा अनावेदक- 1. श्री अवधेश पाण्डेय पिता गया प्रसाद पाण्डेय निवासी म.नं. 139, ग्राम पंचायत, तिखारी घुटिया हर्रई, जबलपुर 2. एस.आर.एस. फाउन्डेशन ऑफ इंडिया द्वारा श्री रंजीत प्रसाद भाई मिस्त्री पिता स्व. श्री प्रताप भाई मिस्त्री निवासी 304, कृष्णा हेरीटेज, सी.एच.एस. लिमि. लिंक रोड, डॉन बास्को शाला के आगे एम.एच.बी कॉलोनी बोरीवली वेस्ट महाराष्ट्र हॉल मुकाम कल्चुरी रेसीडेन्सी, सिविल लाईन, जबलपुर 3. श्री अजेय प्रताप सिंह पिता वीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी 1025, दुर्गा कॉलोनी, संजीवनी नगर, गढ़ा वीर सावरकर वार्ड, जबलपुर के विरूद्ध म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 अंतर्गत अपील पेश कर मौजा घुटिया हल्का तिखारी प.ह. 31 रा.नि.मं. जबलपुर तहसील जबलपुर स्थित खसरा नं. 7/1, 7/2 रकवा 5.98, 5.98 हेक्टे. को प्रश्नगत किया गया है। उक्त आवेदक की सुनवाई इस न्यायालय में प्रचलित है एवं आगामी पेशी दिनांक 28.08.2023 नियत है। अतः प्रति अपीलार्थी अथवा अन्य हिबतबक्ष पक्षकार नियत दिनांक को इस न्यायालय में समय 3.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। जारी दिनांक 31.07.2023

अनुविभागीय अधिकारी
जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि विवाह पूर्व मेरा नाम नीतू मंगलानी पिता जवाहरलाल मंगलानी था, जिसे विवाहोपरांत हमने परिवर्तित कर सिमरन हरियानी पति रवि कुमार हरियानी कर लिया है, मेरे अन्य अनिवार्य दस्तावेजों में भी मेरा नया नाम हो गया है अत: अन्य सभी जगह भी मुझे मेरे नये नाम सिमरन हरियानी से ही जाना- पहचाना, लिखा व पढ़ा जावे।

पुराना नाम
नीतू मंगलानी
पिता जवाहर लाल मंगलानी
नया नाम
सिमरन हरियानी
पति रवि कुमार हरियानी
पता- जी-8, सुन्दर बिहार, ज्ञान बिहार, गौरीघाट, जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. -972

जबलपुर, गुरूवार 17 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लाल किले का कद घटाते नरेन्द्र मोदी

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस लहज़े में सम्बोधित किया वह उनकी प्रवृत्ति व तेवर के बहुत विपरीत तो नहीं था लेकिन ज्यादातर लोग मानकर चल रहे थे कि अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम स्वतंत्रता दिवस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख होने के नाते वे अमृत काल के समापन अवसर पर दिये जाने वाले उद्बोधन के जरिये राष्ट्र को गरिमामय तरीके से कोई अभिनव दिशा देंगे। आशा की गई थी कि बदहाली से विचलित व व्यथित देश की अवाम और हाल की अनेक घटनाओं से पीड़ित लोगों के ज़ख्मों पर मरहम लगाकर मोदी बतलाएंगे कि पूरा देश एक स्पंदित समाज है जिसके पास परस्पर सुख-दुख में एक-दूसरे को सम्भालने की ताकत है और जो उदार और संवेदनशील भी है।

मोदी ने एक बार फिर से सभी को निराश किया, जैसा कि वे इसी स्थान पर खड़े होकर पिछले 9 वर्षों से करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी संदेश दे दिया कि उनके पास कहने के लिये मौलिक कुछ भी नहीं है। इतिहास को कोसने और सारी योजनाओं का प्रतिफल कहीं दूर भविष्य में उपलब्ध करने वाला मोदी का यह भाषण उनके पिछले किसी भी अन्य उद्बोधन से कतई अलहदा नहीं था। 15 अगस्त का उल्लेख करने वाले उनके वाक्यों को हटा दिया जाये तो यह फर्क करना मुश्किल होगा कि मोदी ये बातें अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कर रहे हैं या संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष की आलोचना करने, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का इज़हार करने और हवाई किले बनाने की उनकी प्रवृत्ति स्थान और प्रसंग विशेष का भेद मिटा देती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जश्ने-आज़ादी-2023 का उनका वक्तव्य केवल उनके अपने पद की ही प्रतिष्ठा में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज करने के लिये याद नहीं किया जायेगा बल्कि वह राष्ट्र के सबसे पवित्र पर्व एवं सर्वोच्च मंच की गरिमा दोनों को ही धूल-धुसरित करने वाले ऐसे एकालाप के रूप में दाखिल हो गया है जिसका प्रदर्शन वे अपने दो बार के कार्यकाल में अनगिनत बार कर चुके हैं। चूंकि चुनाव जीतने और सत्ता बनाये रखने में 24×7 व्यस्त रहने वाले मोदी का सारा विमर्श परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की घिसी-पिटी बातों तक सीमित था अत: उनके पास देशवासियों को देने के लिये कुछ था ही नहीं।

यह अवसर तमाम क्षुद्रताओं व संकार्णताओं से उठकर कुछ नया कहने और करने की प्रेरणा देने वाला होता है। पिछले सारे प्रधानमंत्रियों ने यही किया है। कई पीएम ऐसे हुए जिनका कद न जवाहरलाल नेहरू जितना था, न ही लालबहादुर शास्त्री सा; और न ही इंदिरा गांधी जैसा। हर कोई समकालीन परिस्थितियों, अपनी विशिष्ट कार्य शैली और विचारधारा के अनुरूप देशवासियों से मुख़ातिब हुआ। सभी प्रधानमंत्री प्राचीर की सीढ़ियों के नीचे दलगत सियासत और निजी विचारों को छोड़कर उद्बोधन के लिये ऊपर चढ़ते थे।

वैसे तो मोदी के पहले के सारे वक्तव्यों में भी प्रकारांतर से विरोधियों को ललकारने, कोसने, नीचा दिखाने जैसे तत्व पाये जाते रहे परन्तु मंगलवार का सम्बोधन उनके वर्तमान कार्यकाल का आखिरी था जिसे उन्होंने यूं लिया मानों वे अपने राजनैतिक विरोधियों से हिसाब अंतिम रूप से चुकता कर रहे हों। उनका सर्वाधिक अभद्र प्रदर्शन वह था जब उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल यहां वे ही तिरंगा फहरायेंगे। ऐसा कहना एक तरह से सम्पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही अपमान है। आखिर कोई पीएम यह दावा कैसे कर सकता है कि अगले साल के मध्य में होने जा रहे आम चुनावों में जनता उनकी पार्टी को ही बहुमत से जिताएगी। दूसरे, भारत में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था तो है नहीं, जैसी कि अमेरिका में है जहां राष्ट्रपति प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होता है। यहां सबसे बड़े विजेता दल के द्वारा संसदीय दल में अपना नेता चुना जाता है जो सामान्य तौर पर उस पार्टी के द्वारा भी स्वीकृत होता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो उसके बारे में लोकप्रिय मान्यता यह है (जो काफी हद तक सही है) कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसे तय करता है उसे ही भाजपा कार्यकारिणी अनुमोदित करती है। मोदी के मामले में भी यही हुआ था। अगर मोदी अगले साल भी झंडा फहराने की बात करते हैं तो क्या यह समझा जाये कि उन्हें भाजपा व संघ की अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है? क्या वे इन दो संगठनों से बड़े हो गये हैं? अगर ऐसा है तो यह भाजपा-संघ दोनों के लिये चिंताजनक है।

गौतम अदानी के साथ उनके संबंधों को लेकर हुए खुलासों के साथ ही उनके नेतृत्व में भारत में फैली परस्पर नफ़रत, सामाजिक ध्रुवीकरण के कुत्सित प्रयासों से ऊपजी हिंसा (हालिया मणिपुर, मेवात, जयपुर-मुंबई ट्रेन में मुस्लिमों पर गोलीचालन आदि की घटनाएं), मानवाधिकार के हनन जैसे मुद्दों के कारण उनका चेहरा काफी दागदार हो गया है। इसके अलावा सतत मजबूत होते विपक्षी गठबन्धन ने मोदी की जमीन को खिसका दिया है। देश के भीतर व बाहर उनकी जबर्दस्त किरकिरी हुई है। अपनी इसी दरकती ज़मीन को बचाने के लिये मोदी ने लाल किले का इस्तेमाल एक ओर तो अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये किया तो वहीं अपनी दावेदारी भी पेश की है। मोदी का यह भाषण जनमत को नीचा दिखाना तो है ही, समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली का अपमान भी है। मोदी ने इस ऐतिहासिक अवसर एवं स्थान का जैसा इस्तेमाल किया है वह न केवल भौंडा है, बल्कि अनैतिक व अलोकतांत्रिक भी है। मोदी ने अपने पद की गरिमा ही नहीं गिराई, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से भारतीय गर्व के प्रतीक लाल किले का कद भी घटाया है।

# अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

दक्षिणपंथी सोच के लोग आजादी की लड़ाई के वक्त से गांधी-नेहरू से खौफ खाते थे। अंग्रेजों के खिलाफ जब देश के लाखों लोग गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, आजाद और भगत सिंह के नक्शे कदमों पर चलकर हंसते-हंसते कुर्बानी देने तैयार हो जाते थे, तब हिंदू महासभा जैसे संगठनों के अनुयायी अपने को बचाने, अंग्रेजों के वफादार बनने और इन स्वाधीनता सेनानियों के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहते थे। हालांकि इनकी कोशिशें कामयाब नहीं हुईं। देश स्वाधीनता सेनानियों और लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानियों की त्याग और तपस्या के बूते आजाद हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की निगाह में देश की आजादी से अधिक जरूरी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को खाद-पानी देना था। गांधीजी इस कोशिश में उन्हें बाधक की तरह दिखे तो बेझिझक गांधी की हत्या कर दी गई। लेकिन नेहरू उनके लिए बड़ी चुनौती बने रहे। आजादी के बाद जिस तरह पं. नेहरू ने देश को संभाला, आगे बढ़ाया, दुनिया के मानचित्र में भारत को प्रतिष्ठा दिलाई, दसियों देशों की आजादी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने, उससे नेहरू को लेकर संघ का डर और बढ़ता गया। संघ ने पांच-छह दशकों का लंबा इंतजार किया कि उसे किसी तरह नेहरू से बदला लेने का मौका मिले। नेहरू के बारे में बेबुनियाद, झूठी खबरें अफवाही तंत्र ने बहुत फैलाई और अब इस नापाक साजिश में और तेजी आ चुकी है। अब देश से नेहरू के नाम को मिटाने वाले फैसले लिए जा रहे हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। ये फैसला जून में ही लिया जा चुका था, लेकिन इसे 15 अगस्त के मौके पर ही अमल में क्यों लाया गया, ये गंभीरता से सोचने वाली बात है। कांग्रेस ने इस फैसले पर पलटवार किया है। लेकिन कांग्रेस को अब बातों से बढ़कर एक्शन में दिखने की जरूरत है। क्योंकि नेहरू के साथ अब आजादी के आंदोलन को खारिज करने की कोशिश भी शुरु हो गई है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली। साफ तौर पर समझ आता है कि देश में नए किस्म का इतिहास लिखने की तैयारी हो रही है। 1947 के पहले के इतिहास में भारत के लिए दक्षिणपंथियों का कोई योगदान दर्ज नहीं है, तो इसे छिपाने के लिए इतिहास ही बदला जा रहा है। कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह क्विट इंडिया के नारे को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से जोड़ रहे हैं, वो भी ऐसी ही कोशिश है। इस कोशिश को श्री मोदी लालकिले से भी दोहराते नजर आए। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार दसवीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस तरह डॉ.मनमोहन सिंह की बराबरी उन्होंने कर ली। लेकिन इस महत्वपूर्ण मौके की गरिमा बनाए रखने की जगह श्री मोदी ने चुनावी रैली की तरह लालकिले से भाषण दिया। उन्होंने ये तक कह दिया कि अगले साल भी वो ही आएंगे। उनके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सभी में कोई न कोई कमी रही होगी, लेकिन आत्ममुग्धता से कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा ग्रसित नहीं रहा, जैसा मोदीजी दिखाई दिए।

> **इलेक्ट्रानिक मीडिया के ( कु ) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली।**

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस पर भी बिना नाम लिए तंज़ कसते हुए कहा, ''देश के लोकतंत्र में एक बीमारी आई है- परिवारवादी पार्टी. इनका एक ही मंत्र है- परिवार को, परिवार के लिए, परिवार के द्वारा।'' वहीं श्री मोदी ने देश की तीन बुराइयां बतलाईं भ्रष्टाचार, परिवारवाद,और तुष्टिकरण। जब से इंडिया का गठन हुआ है श्री मोदी इन्हीं तीन विषयों को हर मंच से उठाते रहे हैं। लालकिले से उन्होंने घमंडिया और परिवारवाद क्विट इंडिया जैसी बातें नहीं की, लेकिन जो कुछ कहा उसका मतलब इसी के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने शुरुआत में ही मणिपुर की बात की, जबकि पिछले साढ़े तीन महीनों से मोदी मणिपुर पर बोलने से वे बचते ही रहे हैं। संसद में भी उन्होंने मणिपुर पर केवल 2 मिनट दिए, लेकिन लालकिले से मोदी ने कहा कि ''पिछले समय से मणिपुर में हिंसा का जो दौर चला. कई लोगों को हिंसा को शिकार होना पड़ा. मां- बेटियों के साथ अत्याचार हुआ लेकिन कुछ दिनों से शांति की ख़बरें आ रही है।'' उन्होंने कहा कि 'देश मणिपुर के साथ है। केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर समाधान के प्रयास कर रही है और करती रहेगी'। वहीं मणिपुर की घटना को देश की एकता के साथ जोड़ते हुए श्री मोदी ने कहा घटना मणिपुर में होती है तो दर्द महाराष्ट्र में होता है। ये बात शायद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के जवाब के लिए थी। लेकिन केवल दो लाइनों की बात चार हजार किमी की पदयात्रा का मुकाबला नहीं कर सकती।

खैर भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने मणिपुर से की तो आखिरी में अगले साल फिर से लाल क़िले से भाषण देने की बात कही। जनता से अगले साल भी आने के लिए आशीर्वाद की अपील करना अलग बात है, ये काम चुनावी मंच से होना चाहिए। मगर नरेन्द्र मोदी ने जनता के सामने ऐलान कर दिया कि वे अगले साल भी आएंगे, इसका मतलब ये है कि उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली को ठेंगा दिखला दिया। जनता को ये तय करने का अधिकार नहीं दिया कि अगले साल वह किसे प्रधानमंत्री चुनना चाहती है, बस अपना फैसला सुना दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इतनी अलोकतांत्रिक बात जनता किस तरह स्वीकार करेगी, इस पर मंथन बेहद जरूरी है। सवाल ये भी है कि क्या श्री मोदी राहुल गांधी के बढ़ते कद की वजह से डर रहे हैं। पहले इंडिया और अब भारत माता के नाम की चुनौती उनके सामने पेश हो रही है।

राहुल गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट किया कि 'भारत माता हर भारतीय की आवाज है! वहीं भारत जोड़ो यात्रा और भारत माता की आवाज के बारे में एक खुली चिट्ठी में राहुल गांधी ने लिखा- 'पिछले साल मैंने एक सौ पैंतालीस दिन उस ज़मीन पर घूमते हुए बिताए जिसे मैं अपना घर कहता हूं। मैंने समुद्र के किनारे से शुरुआत की और गर्मी, धूल और बारिश से गुज़रा। जंगलों, कस्बों और पहाड़ियों से होते हुए, जब तक कि मैं मेरे प्यारे कश्मीर नहीं पहुंच गया।'

मेरी भारत माता, जमीन का टुकड़ा-भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास-विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति-भर। बल्कि हरेक भारतीय की आवाज है भारत माता, चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो खुशी है, जो भय और जो दर्द है, वही है भारत माता।

भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी-जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन।

सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है।

भारत माता को देवी स्वरूप में प्रतिष्ठित कर उनकी जय-जयकार करने वालों को राहुल गांधी की ये बातें शायद ही समझ आएं। मगर देश को भारत माता के बारे में श्री गांधी के इन विचारों पर गौर करना चाहिए। वर्ना इतिहास का अधकचरा ज्ञान देश की आजादी को लील जाएगा।

# मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी

**कथा**

■ कल्याणी शंकर

मणिपुर संकट का असर नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के पक्ष में हो सकता है? क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसका उपयोग उसी तरह कर सकेंगे जैसा कि एक अन्य विपक्षी नेता ममता बनर्जी ने 2011 के विधानसभा चुनावों में जीत के लिए पश्चिम बंगाल के सिंगूर और नंदीग्राम मामले में किया था? ये महत्वपूर्ण क्षण दुर्लभ और अविस्मरणीय हैं।

राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा।

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया। अब राहुल के लिए अपने लिए, अपनी पार्टी और विपक्ष के लिए बदलाव लाने का एक अनूठा मौका है।

> **राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा। मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया।**

2004 और 2014 के बीच, राहुल गांधी को डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने यह पद नहीं लिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रमुख के तौर पर वह कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके।

2014 में राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश के बाद से कांग्रेस बुरी स्थिति में है, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस एक दशक तक सत्ता से बाहर रही। 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव जीतना कांग्रेस के लिए नियंत्रण हासिल करने और उसकी बढ़ती बेचैनी को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल की वापसी से उनका, उनकी पार्टी और विपक्ष का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने खुद को मोदी के राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में पेश किया और जनता की सहानुभूति हासिल की। संसद से उनकी बर्खास्तगी को गरिमापूर्ण तरीके से निपटाने और अंतत: सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण उनकी बहाली ने बड़ी परिपक्वता का प्रदर्शन किया।

राहुल को अपनी गलतियों का अहसास है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली उनकी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा अर्जित की। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने निराश कांग्रेस समर्थकों को एकजुट किया। उन्होंने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में सक्षम है। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा और अन्य क्षेत्रीय नेताओं ने कांग्रेस समर्थकों के अलावा, आम जनता के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता पर ध्यान दिया।

राहुल को इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए परिपक्वता दिखाने और एक नया आख्यान विकसित करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सभी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। आम आदमी के नारे ने 2004 से 2014 तक पार्टी की सफलता और सत्ता बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आम आदमी से संबंधित रोजी-रोटी के मुद्दों को उठाना महत्वपूर्ण है। ये चुनाव जीतना राहुल के राजनीतिक कॅरियर में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

राहुल को शरद पवार (एनसीपी), ममता बनर्जी (टीएमसी), नीतीश कुमार (जद यू), एमके स्टालिन (द्रमुक) और अखिलेश यादव (सपा) जैसे वरिष्ठ विपक्षी नेताओं का समर्थन हासिल करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल की अयोग्यता के बाद, विपक्ष ने एकजुटता की दिशा में काम किया और अपने मतभेदों के बावजूद गठबंधन के साथ आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कांग्रेस भी शामिल थी। इसने छोटे क्षेत्रीय दलों की जरूरतों को समायोजित किया तथा उनके साथ समान व्यवहार किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यह कहने के बाद कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है, राहुल अब गठबंधन सहयोगियों के लिए अधिक स्वीकार्य हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य के बावजूद कांग्रेस पार्टी जोर पकड़ रही है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की अखिल-राष्ट्रीय प्रकृति के कारण गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यह भारत जोड़ो यात्रा और गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के बाद राहुल के संसद से निष्कासन और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण बहाली के बाद और भी अधिक है।

2019 में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, वह अभी भी पार्टी के लिए निर्णय लेते हैं। उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए और पर्दे के पीछे से काम करने के बजाय खुलकर काम करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल के नेता के रूप में राहुल को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए।

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए, जीवनयापन की बढ़ती लागत, मुद्रास्फीति और भोजन और दूध जैसी आवश्यकताओं की सामर्थ्य जैसे जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जहां राहुल का कांग्रेस की विचारधारा पर जोर देना महत्वपूर्ण है, वहीं लोगों की बुनियादी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक नई कहानी भी उतनी ही जरूरी है।

पार्टी को पुनर्गठित करना और जमीनी स्तर पर मजबूत बूथ समितियां स्थापित करना आवश्यक है। गांधी को सही व्यक्ति को सही काम सौंपना चाहिए। गठबंधन की ताकत के हिसाब से इंडिया गठबंधन से भाजपा के खिलाफ हर सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारना जरूरी है। इस प्रयास के लिए सहयोग और लचीलापन आवश्यक है।

राहुल गांधी ने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की है कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।

## पावन प्रसंग

# वर्तमान को साधें

समाज में अधिकांश व्यक्ति ऐसे ही होते हैं, जो वर्तमान का महत्व नहीं समझते। उपलब्ध परिस्थितियों का सदुपयोग न कर पाने और अनुपलब्ध की कामना करते रहने वाले, पाते कुछ नहीं, गंवाते ही अधिक हैं। जीने का आनंद और लाभ तब है, जब हम वर्तमान में जिएं। भविष्य की कल्पना में वर्तमान को छोड़ बैठने की भांति कितने ही व्यक्ति भूत का जीवन जीते हैं। वे ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसका अस्तित्व बहुत समय पूर्व समाप्त हो गया था।

भविष्य में क्या सफलताएं पाकर क्या-क्या आनंद उठाया जाएगा। इसके सुंदर सपने कई व्यक्ति इस प्रकार संजो लेते हैं कि वे यथार्थ जैसे लगते हैं। शेखचिल्ली की कहानी प्रख्यात है, जिसने तेल ढोने की मजदूरी मिलने के पूर्व ही उससे मुर्गी, बकरी, बीवीबच्चे प्राप्त होने का सपना इतना गहरा गढ़ लिया था, जिसमें तन्मय होकर वह सिर पर रखे घड़े को ही गंवा बैठा और मालिक द्वारा प्रताड़ना सहता फिरा। इसका कोई निश्चय नहीं कि भविष्य में क्या होगा? प्रयत्न करने पर परिस्थितियां मनचाही बन जाएं, यह कोई ठीक नहीं। चाहना ही सब कुछ नहीं है। परिस्थितियां कहीं से कहीं मोड़ ले सकती है और जैसा सोचा गया था, उससे सर्वथा पृथक प्रकार का जीवनयापन करना पड़ सकता है। सोचना एक बात है और पाना दूसरी बात। ऐसी दशा में अवास्तविकताओं के कल्पना लोक में विचरण करते रहने से किसी का क्या प्रयोजन सिद्ध हो सकता है।

महत्व वर्तमान का ही है। भूत के अनुभवों का मात्र इतना ही लाभ है कि जो सीखा गया है, उससे वर्तमान को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जाए। भविष्य चिंतन की उपयोगिता इतनी ही है कि उसके आधार पर वर्तमान की गतिविधियों को सुनियोजित किया जाए। वर्तमान के सुनियोजन न कर पाने और कुछ विशिष्ट बनने की कल्पना करते रहने वालों के हाथ से समय निकल जाता है। अंतत: उस किशोर की भांति पश्चाताप की अग्नि में जलना पड़ता है, जो जीवनपर्यन्त भटकता रहा। एक निश्चित लक्ष्य के अभाव में कुछ नहीं बन सका और सारा जीवन व्यर्थ चला गया। ऐसी स्थिति में कितने ही युवक-युवतियों की होती है। अपनी क्षमताओं का और उपलब्ध परिस्थितियों का ठीक प्रकार से एक निश्चित लक्ष्य में नियोजन नहीं कर पाते। दुनिया के रंग-बिरंगे आकर्षणों में उनका मन भटकता रहता है। फलत: वर्तमान छूटता जाता है ैर अंतत: यह भूल उन्हें वहां ले जा पकटती है, जहां कि पश्चाताप में सिर पीटने के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रहता। हरव्यक्ति को वर्तमान में जीना और उसी को ठीक प्रकार संजोने तक संभालने में दत्तचित रहना चाहिए। आगे-पीछे की बात सोचने में हर्ज नहीं, पर उनकी मर्यादा उतनी ही रहनी चाहिए, जो वर्तमान से तालमेल खाती है। आज जो संभव है, उसी को अधिक अच्छा बनाने का प्रयत्न किया जाए। अपनी बुद्धिमता, तत्परता और जागरुकता को उसी पर केंद्रित किया जाए। वर्तमान को परिष्कृत और श्रेष्ठ बनाने में ही बुद्धिमता है। किसी विचारक का कथन है 'जो बूत के साथ गुंथे रहते हैं, वे वृद्ध हैं, जो मात्र भविष्य की कल्पनाएं गढ़ते रहते हैं, वे बच्चे हैं तथा जो वर्तमान का सदुपयोग करते हैं, वे युवक हैं. बाल और वृद्ध की स्थिति से निकलकर हर व्यक्ति को अपनी युवा मनोभूमि का परिचय देना चाहिए। वर्तमान के सदुपयोग का अर्थ है- अपनी परिस्थितियों, योग्यताओं और साधनों को सुनियोजित करना।'

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कहां खड़े हैं आज हम ?

भारत ने वैश्विक पहचान हासिल करने के लिए ढेर सारी चुनौतियों को पार करते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने के लिए छोटे कदम उठाए। भारत ने आजादी के बाद से एक लंबा सफर तय किया है, कई सही और गलत फैसलों से परहेज किया है, जो कई ऐसे स्थलों को पीछे छोड़ता है जो विभाजन की पीड़ा से एक मजबूत, शक्तिशाली और विकासशील राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित करते हैं। हाल ही के दशकों में भारत धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्थान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है. पिछले चार दशकों में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और भारत ने भी काफ़ी ऊंचाइयां हासिल कर ली हैं। इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है। उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है। यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है। हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है। हालांकि भारत के कई नेता गति को आगे बढ़ाने और सामाजिक राजनीतिक संकट से बचने में विफल रहे, यह भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी का मामला था। भारत में विविधता के कारण, कहीं न कहीं आना मुश्किल है। हालांकि, अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) यानी एक समान नागरिक संहिता लगने के प्रयासों को रूढ़िवादी वर्गों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने दावा किया कि इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा।

पानी की तरह किलोमीटर पर भारत में भाषा बदल जाती है। इसलिए,हिंदी केवल आधिकारिक भाषा के रूप में लाना मुश्किल था और 1965 में तमिलनाडु के हिंदी-विरोधी आंदोलन जैसे हिंसा और गरमागरम बहस देखी गई। जनसंख्या नियंत्रण कानून 2019 का जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, जिसे 2022 में वापस ले लिया गया था। दो संतान नीति को आजादी के बाद से 35 बार संसद में पेश किया गया है। इन मसौदे की आम जनता द्वारा भारी आलोचना की गई थी। कृषि अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक दशकों से कृषि बाजार में सुधार की वकालत कर रहे हैं। इसने संकट से बचने के लिए तीन प्रमुख कृषि सुधार कानून जिन्हें निरस्त कर दिया गया को फिर से चुपके मोड में आगे बढ़ाने के बारे में सरकार को झिड़क दिया। लेबर कोड पर नियम आज तक टाले गए। कोड के परिणामस्वरूप कम टेक-होम पे और आसान छंटनी होगी। नि:संदेह सरकार को सुधार के मार्ग पर बहुत सावधानी से चलना होगा।

लोकतंत्र की सफलता में पहला है मतदान को अनिवार्य बनाना, जैसा कि कम से कम 30 लोकतंत्रों में किया गया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। देश जितना हिन्दू-मुसलमान सोशल मीडिया पर दिखाई देता है उतना है नहीं। आज का भारत किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। बदलते भारत के लोगों में अपने विवेक के आधार पर निर्णय करके देश को प्राथमिकता देने जैसी बातें प्रमुखता से सामने आईं। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है। साक्षरता के साथ-साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इससे आजाद होगा? अमृत महोत्सव के जश्न में डूबे, कहां खड़े हैं आज हम? सोचना होगा।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**







# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में देश की संस्कृति की झलक दिखी

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकनृत्य की नृत्य प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति के दर्शन हुए। बुंदेली, राई, राजस्थानी और अन्य प्रदेशों की शैली ने दर्शकों का मनोरंजन किया। देश के गौरव का बखान करने के लिए कलाकारों ने हाथों में तिरंगा लिए और तीन रंगों के परिधान पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग बिखेरा। पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मनाया गया। झंडा वंदन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, एसपी तुषार कांत विद्यार्थी ने परेड निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया।

### कार्यक्रम की झलकियां

- सशस्त्र बलों ने किया हर्ष फायर
- पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई
- मध्यप्रदेश गान
- तीन रंगों के गुब्बारे गगन मुक्त किए सुरक्षा बलों द्वारा मार्च पास्ट

समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा मार्च पास्ट आकर्षक रहा। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य के नेतृत्व में छठवीं बटालियन के बैंड दल द्वारा देशभक्ति गीतों की मधुर धुन बजाई गई। मार्च पास्ट में छठवीं वाहिनी स्पेशल टास्क फोर्स, छठवीं वाहिनी स्पेशल आर्म्ड फोर्स, होमगार्ड, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, वन विभाग, एनसीसी बॉयस सीनियर डिवीजन, एनसीसी बॉयस जूनियर डिवीजन, एनसीसी गर्ल्स सीनियर डिवीजन, एनसीसी गर्ल्स जूनियर डिवीजन, स्काउट गाइड, शौर्या दल की प्लाटून ने कदम ताल की।

## नगर में आन-बान और शान के साथ लहराया तिरंगा

### सिर पे हिमालय का क्षेत्र है

समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस दौरान सेंट गेब्रियल्स रांझी द्वारा सिर पे हिमालय का क्षेत्र है..., मॉडल स्कूल द्वारा ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू...एमएलबी स्कूल द्वारा घूमर, शिशु विद्या पीठ द्वारा तुम नमामि हो..., एकलव्य स्कूल द्वारा तोरी जय भारत माई...गीत पर समूह नृत्य की बेमिसाल प्रस्तुति दी गई।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले अधिकरियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### स्पेशल टास्क फोर्स को प्रथम स्थान

प्रथम पुरस्कार छठवीं बटालियन की स्पेशल टास्क फोर्स, द्वितीय पुरस्कार एनसीसी गर्ल्स जूनियर डिवीजन और तृतीय पुरस्कार छठवीं बटालियन की स्पेशल आर्म्ड फोर्स को प्रदान किया गया। इस मौके पर विधायक अशोक रोहाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एडीजी उमेश जोगा, नगर निगम आयुक्त स्वपनिल वानखड़े, जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, शेर सिंह मीणा मौजूद थे। संचालन डॉ. गिरीश मेराल और डॉ. नूपुर देशकर ने किया।



## विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में ध्वाजारोहण

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के विद्युत मुख्यालय शक्तिभवन में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। अनय द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की लोकहित योजनाओं से प्रदेश के 85 प्रतिशत से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ता और लगभग 26 लाख कृषि? पम्प उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों के कार्मिकों से आह्वान किया कि वे सब मिल कर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को किफायती, सुलभ व विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील कुमार तिवारी, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता, पंकज स्वामी, श्री श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्मिक, सेवानिवृत्त कर्मी, महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

## ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन में ध्वजारोहण



**जबलपुर,देशबन्धु।** आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के श्रृंखला में 15 अगस्त को ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्तिपूर्ण भाव के साथ मनाया गया, संस्था के समस्त शिक्षकों विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटस की उपस्थिति महाविद्यालय के संस्थापक एसडी बडेरिया, संचालक सौरभ बड़ेरिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, नाटय, रूपांतरण द्वारा वीर शहीदोंको श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ. राजीव खत्री डायरेक्टर ग्लोबल इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट डॉ एसके शुक्ला डायरेक्टर रीजनल इंस्टीटयूटी ऑफ नर्सिंग, डॉ मृदुला महिधर डायरेक्टर बालाश्री इंस्टीटयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, पूरनानंद दुबे रजिस्ट्रार ग्लोबल इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट डॉ आकांक्षा शुक्ला, गंगोत्री खैरवार प्राचार्या रीजनल इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग उपस्थिति रही।

## हर घर तिरंगा रैली को पमरे महाप्रबंधक ने रवाना किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत की स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ भारत के स्वर्णिम इतिहास का जश्न एवं राष्ट्रीय त्योहार को मनाने के लिए, आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इसी श्रृंखला पमरे में 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित कार्मिक विभाग के अन्य रेल अधिकारियों तथा रेल कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा।



पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता नेहर घर तिरंग अभियान के तहत आयोजित रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पमरे रेल सौरभ क्लब रेलवे कॉलोनी परिसर से हर घर तिरंगा रैली विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस क्लब में समाप्त हुई। रैली में रेलवे अपर महाप्रबंधक आर. एस. सक्सेना एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर विवेक शील, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक अनुराग पाण्डेय सहित अन्य रेल अधिकारियों, उनके परिजनों एवं बच्चों सहित रेल कर्मचारी, आरपीएफ के सदस्य तथा बढ़ी संख्या में पमरे भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चें, खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा संध्या गुप्ता, उपाध्यक्षा, वंदना सक्सेना सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी शामिल हुई।

## जबलपुर रेल मंडल में ध्वजारोहण

**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 77वां स्वतंत्रता दिवस जबलपुर रेल मण्डल में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मंडल का मुख्य कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक



कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें डी आर एम विवेक शील नें राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात महाप्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल के संदेश का वाचन करते हुए वर्ष 2022-23 में पश्चिम मध्य रेल का प्रदर्शन एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर डीआरएम नें मण्डल के सभी रेल कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर मण्डल के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक जुट होकर टीम भावना से काम करते हुए अपने-अपने स्तर पर राजस्व अर्जन, कर्मचारी कल्याण, संरक्षा, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर अनुरक्षण एवं ट्रेन परिचालन आदि से जुड़े सभी कामों को सफल अंजाम दिया है। यह उनकी एक जुटता, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। हम ऐसे सभी रेल कर्मियों का सम्मान एवं आभार प्रकट करते हैं।



## श्री चैतन्य स्कूल में राष्ट्रीय पर्व मनाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के श्रृंखला में नालंदा पब्लिक स्कूल धनवंतरी नगर के परिवर्तित नाम श्री चैतन्य स्कूल में पहली बार राष्ट्रीय पर्व मनाया और झंडा रोहण किया गया। इस दौरान अजय श्रीवास्तव, गुलाब चौकसे, संजय यादव, डा. मुकेश अग्रवाल, मानसी विश्वकर्मा, मोनिका धुर्वे, सरकार शुक्ला, अमरेंद्र सिन्हा, अरूण गुरव, माया सिन्हा, रीता शुक्ला, मालती, चिरायु, रजनी, जयश्री यादव, आदि शामिल थे।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**जबलपुर, देशबन्धु।** वे गणतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने प्रात 9 बजे तिलक भूमि तलैया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि प्रदेश में इंसान से लेकर भगवान तक किसी को भ्रष्टाचार और घोटालों से निजात नहीं मिल रही है, महाकाल लोग घोटाला सतपुड़ा भवन अग्निकांड घोटाला पटवारी भर्ती घोटाला पोषण आहार घोटाला आरक्षक भर्ती घोटाला कारम डैम घोटाला पेसा भर्ती घोटाला नर्सिंग कॉलेज घोटाला छात्रवृत्ति घोटाला ई टेंडर घोटाला सड़क और पुल निर्माण घोटाला आने वाले समय में आप भ्रष्टाचार और घोटालों से मध्यप्रदेश को निकालने का संकल्प लें



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय को बग्गी में बैठाकर गाजे-बाजे के साथ कांग्रेस जनों ने यात्रा निकाली पश्चात कमानिया गेट व खादी आश्रम बड़ा फुहारा में ध्वजारोहण किया। विधायक विनय सक्सेना राजेंद्र मिश्रा, कमलेश यादव, झल्ले लाल जैन सतीश तिवारी दिनेश यादव डॉ अरविंद जैन इंदिरा पाठक तिवारी, रेखा जैन, मीनाक्षी स्वामी, सतेन्द्र सोनी भानु सिंह, सुरेंद्र पटेल जगदीश सैनी रमेश बड़कुल आरिफ पूनम चंद सोनकर अनुराग गढ़वाल आदि मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा ने महानगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जबलपुर की सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जबलपुर की कैंट, उत्तर एवं पश्चिम विधानसभा में तिरंगा यात्रा सांसद राकेश सिंह के नेतृत्व में निकाली गई।



तिरंगा यात्रा में नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व मंत्री शरद जैन, निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, अभिलाष पांडे, पंकज दुबे, धीरज पटेरिया, संदीप जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, रोहित जैन, रंजीत पटेल, योगेश बिलोहा, अतुल जैन दानी, संतोष लालवानी, अभिषेक तिवारी, कौशल सूरी, दामोदर सोनी, गुड्डा केवट, राहुल खत्री, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, रूपा राव,संजय यादव, अभिनव यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं भाजपा कार्यालय रानीताल में भी झंडा वंदन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अध्यक्ष प्रभात साहू आशीष दुबे, समेत पार्टी के समस्त जन बड़ी संख्या में शामिल हुये।



## जेडीए सिविक सेंटर में स्वतंत्रता दिवस मनाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** जेडीए सिविक सेंटर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर संभागायुक्त एवं अध्यक्ष अभय वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सीईओ दीपक कुमार वैद्य ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुये कहा कि हम सभी को आजादी के महत्व को समझते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिये।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 106 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 110 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 108 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 106 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 106 |

मो.-9039925000, 9425800409


## ओंकार तिरंगा यात्रा : भारत माता की जयकारों से गूंजायमान हुई संस्कारधानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर ओंकार महाराज की गद्दी छोटे फुहारा में विशाल एकत्रीकरण एवं जनसैलाब देखने मिला। युवाओं ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर देशभक्ति की भावना से उत्साह पूर्ण होकर विशाल ओंकार तिरंगा यात्रा निकाली। पं आलोक ओंकार तिवारी के नेतृत्व में निकली जा रही विशाल वाहन रैली को गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष पं अनिल तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। रैली अपने निर्धारित मार्ग छोटा फुहारा महाराज की गद्दी से प्रारंभ होकर मिलोनीगंज, कोतवाली, सराफा चौक, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा,



अंधेर देव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, पांडे चौक दिक्षितपुरा चेरीताल होते हुए दमोहनाका चौक पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी, आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, शुभम मिश्रा, आस्तिक तिवारी, आयुष तिवारी, अपूर्व त्रिवेदी, आदित्य तिवारी, आदर्श तिवारी, अजय तिवारी, लालू ताम्रकार, रुद्र तिवारी, मयूर ताम्रकार, हर्षित तिवारी, राहुल गोयल, हर्ष तिवारी, अभिषेक पांडे, हर्षुल त्रिवेदी, वीरू यादव, आनंद श्रीवास्तव, ब्रजेश अग्रवाल समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।


आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK
SALON & ACADEMY
(ONLY FOR FEMALE)

हेयर वाश,
हेयर कट,
फेस ब्लीच,
हैंड डी -टेन पैक,
फेस डी -टेन पैक,

7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा

MORNINIG SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

GADAR-2
09:00 AM 10:00 AM
12:00 PM 01:00 PM
02:00 PM 03:15 PM
04:15 PM 06:30 PM
07:30 PM 09:45 PM
10:45 PM

OMG-2
10:15 AM
01:15 AM
04:15 PM
07:15 PM
10:15 PM
11:15 PM

ROCKY AUR RANI
10:30 AM
05:00 PM

JAILER
IN HINDI
08:05 PM




## ब्लेसिंग किड्स पब्लिक स्कूल में छात्रों का शपथ ग्रहण

**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्लेसिंग किड्स पब्लिक स्कूल अमन नगर, गुरदा जबलपुर में 2023-24 के छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह संस्था के कॉन्फ्रेंस हॉल मे किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गयी, जिसके विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय सक्सेना (विधायक, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र), सुनीता पंच (उपनिरीक्षक थाना ओमती), प्रियंका केवट (थाना प्रभारी बेलबाग) उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्या श्वेता श्रीवास्तव और अन्य स्टॉफ भी मौजूद था। मुख्य अतिथि का स्वागत श्वेता श्रीवास्तव द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। अतिथियों के स्वागत में कु. आस्था शरद श्रीवास्तव, कु. आर्या शरद श्रीवास्तव, राहुल पटेल, योगेश झा, निहाल पटेल, शैलेन्द्र कुमार राय, नारायण कुशवाहा, अरविन्द कुमार महले, सीएच माइकल और अन्य स्टॉफ मौजूद थे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर जबलपुर द्वारा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम महाकौशल प्रांतअध्यक्ष परविनदर जीत सिंह बिंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायाधिश श्री प्रभाकांत शुक्ला थे। प्रांत कोषाध्यक्ष श्रीमति मंजु वैश्य ने आज़ादी के मायने समझने पर बल दिया मंचासिन प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने चिरपरिचित शैली में मुस्कराहट से पधारे आगंतुकों में बात रखी, महाकौशल प्रांत महिला प्रमुख कविता दुबे ने कार्यक्रम में पधारी महिलाओ से मंत्रणा की, इन्द्रा दुबे ने इस बेला में गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम में पूर्व प्रांतअध्यक्ष श्री गुप्ता की उपस्थिति विशिष्ठ थी, कार्यालय प्रमुख अवध नरेश तिवारी का विशेष योगदान रहा, कार्यकारी अध्यक्ष पी के अग्रवाल के मार्गदर्शन में मां चेतना केंद्र के समन्वय से कार्यक्रम हुआ, इस अवसर पर सरला केवट सुरेश महोबे ऊषा पटेल, शक्ति शुक्ला, माधव प्रसाद दुबे, राकेश केवट शोभना राजपूत उपस्थित हुए।






# विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रैगवा पाटन बायपास के बालश्री इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस के द्वारा बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी के विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन में डॉ शुभांजन दास के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रोसीजर ऑफ़ ड्राय नीडलिंग /क्लीन फील्ड टेक्निक्स इंडिकेशंस /कंट्रेंडिकेशंस/डेंजर्स ,परक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल नर्व इस्टुलेशंस ड्राय नीडलिंग फॉर कैंसर पैन, ड्राय नीडलिंग इन स्पोर्ट्स, लीगल इसुस ऑफ नीडलिंग, सोल्डर/सर्वाइकल /हैडिक/रेडीक्लोपैथी के द्वारा मरीजों का इलाज करने के लिए बताया गया, जिसमे काफी संख्या में पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वर्कशॉप के दौरान संस्था के संचालक डॉ मृदुला महिधर प्रोफेसर डॉ प्रीति बाजपेयी, आस्था मिश्रा, डा. अदिति अग्रवाल उपस्थित रहे।

# महाराज की गद्दी पर अटल पुण्यतिथि मनाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्र भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय जन-जन के नायक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि छोटा पर महाराज की गद्दी पर सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में मनाई गई। तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में और पिछले 60-70 बरसों से लोगों के मन में बसे स्वर्गीय अटल जी की स्मृतियों का लोगों ने स्मरण किया।

स्वर्गीय ओमकार प्रसाद तिवारी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए इसी गद्दी पर अटल जी आए हुए थे, इस स्मरण से उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए।

लोगों को संबोधित करते हुए गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने पूज्य अटल जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित आलोक तिवारी ने उन क्षणों की याद ताजा करते हुए बताया की अटल जी का आशीर्वाद तिवारी परिवार के साथ हमेशा बना रहा। इस अवसर पर




पंडित अनूप तिवारी एडवोकेट शुभम मिश्रा, पूर्व पार्षद नंदू यादव, पिंटू तिवारी, आस्तिक तिवारी, जयकुमार जैन, हर्षित तिवारी, अजय अग्रवाल लालू ताम्रकार, मुकेश पाठक, अंतू जैन मुन्ना भाई, सरफराज, महमूद अंसारी, मुकेश पिपरसानिया, वी डी बैरागी एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

# सुचिता की राजनीति के पर्याय थे अटल जी

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 5वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू एवं वरिष्ठ नेता धीरज पटेरिया की उपस्थिति में शिव पार्क विजय नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने इस अवसर पर कहा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने पूरे जीवन में जिस राजनैतिक सुचिता के साथ कार्य किया वह हम सभी के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व महामंत्री संदीप जैन, शंकर श्रीवास्तव, संतोष लालवानी, नंदकुमार यादव, चक्रेश नायक, अजय तिवारी जयकुमार जैन, जयराम तिवारी, बबलू जायसवाल, कमलेश नामदेव, पार्षद सोनिया रंजीत ठाकुर, विधयेश भापकर, विजय उपाध्याय, जितेंद्र साहू, राज भटनागर, गुल्लू गुप्ता, श्रीकान्त साहू आदि उपस्थित थे।



# हस्तनिर्मित पेपर बैगों की का वितरण




**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन भेड़ाघाट में स्वतंत्रता दिवस पर्व को बड़े ही हर्ष एवं गर्व के साथ मनाया गया, बच्चो के द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस में श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन भेड़ाघाट ने पर्यावरण के दुश्मन प्लास्टिक को कम करने के लिए भेड़ाघाट चौराहे के आसपास एवं धनवंतरी नगर मेडिकल मे अपने हाथों से बनाकर पेपर बैग्स व्यापारियों ग्राहकों एवं समाज के अन्यत्र लोगों को नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी के विद्यार्थियों के द्वारा दिए गए। श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन, जबलपुर के इस सुंदर प्रयास का संदेश है कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारी महान विरासत का आनंद उठा सकें।

# बगलामुखी सिद्ध पीठ में इटली से आए मेहमानों ने पूजन-अर्चन किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविक सेंटर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में मंत्रोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश सह संयोजक विदेश संपर्क विभाग डॉक्टर सुधांशु गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आग्रह को साकार करते हुए जिसमें उन्होंने सभी एनआरआई से आग्रह किया कि वह भारत में आए और यहां की संस्कृति को जाने इसी को लेकर डा. सुधांशु




गुप्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए इटली से पधारे माही कृष्ण लीला ग्रुप में सनातन भजनो की आत्मिक ध्वनियों का आकर्षण कार्यक्रम प्रस्तुत किया मुख्य रूप से ग्रुप में श्री राम स्तुति शिव तांडव स्तोत्र , मां बगलामुखी स्त्रोत,और दुर्गा स्तुति जैसे प्रमुख सनातनी स्तुतियों का समावेश रहा बगलामुखी सिद्ध पीठ के मुख्य पुजारी चैतन्यानंद द्वारा समस्त कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया गया इस अवसर पर अश्वनी परांजपे, आलोक मिश्रा,शशिकांत शुक्ला,संदीप जैन, रूपा राव,योगेश अग्रवाल, कुंडल राव,हर्षित सिंघई,योगेश बिलोहा,अभिषेक तिवारी,संतोष लालवानी, रंजीत ठाकुर,विध्येश भापकर, संजय नहातकार,श्रीकांत साहू,हरीश ठाकुर, भवानी अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# मानेगांव रांझी में महादेव का रुद्राभिषेक

**जबलपुर, देशबन्धु।** डी डी धाम संकट मोचन हनुमान मंदिर मानेगांव रांझी में भक्तों द्वारा महामृत्युंजय भोले शंकर भगवान का रुद्राभिषेक का कार्यक्रम मंदिर संस्थापक समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा आयोजित किया गया जिसमें शिवभक्त पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग एवं रुद्र का निर्माण किया एवं विधि विधान से पूजन अर्चन एवं अभिषेक में सम्मिलित होकर भगवान भोले शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर आचार्य पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री द्वारा इस अभिषेक को दूध,दही, घी, शक्कर, शहद, पंचामृत, से अभिषेक विधि विधान से कराया गया इसमें महिला समिति की सुधा दुबे, प्रीति शुक्ला ,शोभा तिवारी ,सुनीता सिंह, संगीत, खुशबू गुप्ता, सुमन शर्मा, बीना, करुणा, रेखा नीरज शुक्ला ,रमेश सिंह, श्री रघुवंशी, और सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित एवं अभिषेक के बाद प्रसाद का मंदिर परिसर में वितरण किया गया



# चाँद नजर आने की उम्मीद

**जबलपुर देशबन्धु।** मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के अनुसार 17 अगस्त जुमेरात मुताबिक 29 मुहर्रम को सफर का चाँद नज़र आने की उम्मीद है । लिहाजा साय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करे। चाँद नज़र आने पर मौलाना साहब के मोबा - 9302256792, 9926315991 पर फौरन इत्तिला दे। ताकि राब्ता कायम करने मे सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके।

# कचनार महादेव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर गृहस्थ संत पं तरुण चौबे महाराज के सानिध्य में आज 17 अगस्त से 21 अगस्त तक कचनार महादेव मंदिर कचनार सिटी विजय नगर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। आयोजन संयोजक पंकज दुबे ने बताया शिवलिंग निर्माण एवँ महारुद्राभिषेक 17 अगस्त से 21 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। उन्होंने बताया 22 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कन्या भोज एवँ भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक पंकज दुबे, सह संयोजक अभिनव यादव एवँ कार्यक्रम प्रभारी पुष्पराज पांडे ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक विवेक अवस्थी ने तिलवारा घाट स्थित गांधी स्मारक में ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर विवेक अवस्थी ने आजादी की लडाई में कुर्बानी देने वालों शहीदों को भी नमन किया, अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देश में फेल रही नफरत को मिटाना ही उस सत्ता संग्राम सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अफवाह फैला कर राज करना बांटकर राज करना यह हिंदुस्तान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानी को बेकार करेगा, सर्व धर्म समभाव क्षमता व्यक्ति की आजादी और भारत के संविधान में जीत हुई सारी चीजें हमारे देश को मजबूत बनाती है, इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अनिल पांडे, सुमन जैन दिग्विजय सिंह, नितेश मनोघ्या, विजय साहू, रामप्रकाश जयसवाल ऋषि अवस्थी आदि मौजूद थे।

# गाजरघास की समस्या से मुक्ति पाने के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर राष्ट्रव्यापी 18वॉ राष्ट्रीय गाजरघास जागरूकता सप्ताह का आयोजन राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि अनुसंधान परिषद् के समस्त संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों राज्यों के कृषि विभागों एवं अखिल भारतीय खरपतवार प्रबंधन के केन्द्रों, स्कूल, कॉलेजो तथा समाजसेवी संस्थाओं को शामिल कर राष्ट्रीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। गाजरघास जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ निदेशालय परिसर में आयोजित गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम से किया गया। इसमें विग्स कान्वेंट स्कूल के लगभग 325 बच्चो तथा अध्यापक/अध्यापिकाओं ने रैली निकालकर गाजरघास उन्मूलन का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील तिवारी, प्रबंध निदेशक, पावर ट्रांसमिषन कंपनी लिमिटेड जबलपुर ने इस अवसर पर कहा कि गाजारघास के नियंत्रण के लिए जैवकीय नियत्रंण सहित अन्य समन्वित विधियों का प्रयोग करना आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि पुखराज नेनीवाल, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, ने कहा कि गाजरघास के नियंत्रण के लिए




सभी विधियों का आवश्यतानुसार उपयोग कर इस भीषण समस्या से पार पाया जा सकता है। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने कहा कि गाजरघास न केवल फसलों, बल्कि मनुष्यों और पशुओं के लिए भी एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। डॉ. मिश्र, ने बताया कि इस खरपतवार के संपर्क में आने से मनुष्यों में डर्मेटाइटिस, एग्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा आदि जैसी बीमारियां होती हैं। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी बसंत मिश्रा समेत अन्य वैज्ञानिक शामिल रहे।

# भारतीय सेना सदैव एलर्ट रहती है




**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर वीर योद्धाओं को याद करते हुए मानस भवन में अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहसंयोजक के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना को जानने के लिए अपनी तरह का संस्कारधानी में संभवत प्रथम कार्यक्रम है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रंखला के इस बहुउपयोगी कड़ी ने सबका दिल जीत लिया। मुख्य वक्ता के रूप में मध्य भारत क्षेत्र के जी ओ सी ले.जनरल एम.के. दास ने बताया कि सेना की तैयारी हर समय अलर्ट मोड पर रहती है। हम विश्व की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। स्वतंत्रता के समय से लेकर आज तक सेना को उत्तरोत्तर मजबूती मिली है। उन्होंने सेना द्वारा उपयोग किए जा रहे आयुधों के नाम बताएं। सेना ना सिर्फ युद्ध काल में बल्कि शांति के समय दैवी विपत्तियों से देशवासियों को सुरक्षित करती है। कार्यक्रम में बोलते हुए हमारा जबलपुर के अध्यक्ष डा. राजेश धीरवाणी ने बताया कि आर्मी के जैक बैंड म्यूजिकल ग्रुप में बेहतरीन समा बांधा। सेना के बहुत से अधिकारी और जवान इस दौरान मानस भवन में उपस्थित रहे। इस मौके पर उद्योगपति कैलाश गुप्ता ने विचार रखे।

# दैनिक राशिफल

**गुरुवार 17 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा। नक्षत्र- मघा।**

मेष -आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ -आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन -दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कर्क -आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। धन खर्च होगा।

सिंह -आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। पिता या बुजुर्गों से लाभ प्राप्त होगा।

कन्या -शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा।

तुला -गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे।

वृश्चिक -आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

धनु -आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। नौकरी- धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे।

मकर -आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे।

कुंभ -प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा। उत्तम वस्त्र, आभूषण और वाहन प्राप्ति का योग है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती मुन्नी बाई श्रीवास्तव**- पटेल नगर सुहागी निवासी श्री रमेश प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिकेत राजपूत**- गोरखपुर पंचायती अखाड़े के पास निवासी श्री तेज नारायण राजपूत के पुत्र श्री अनिकेत राजपूत (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती आशा सिंह राय- वैशाली परिसर नर्मदा नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री जौहरया सिंह राय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा सिंह राय (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री जय कुमार पासी**- उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री जय कुमार पासी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथरमें किया गया।

**श्री राजाराम सोनी**- एपीआर कॉलोनी फेस 1 बिलहरी निवासी श्री राजाराम सोनी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि कोरी**- घमापुर चौक के निकट निवासी श्री राम लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कोरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गनेशी बाई यादव**- वाटर वर्क्स रोड टेमरभीटा निवासी श्री मनप्यारे लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई यादव (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

श्री संजय पांडे- हनुमानताल खाई मोहल्ला निवासी श्री संजय पांडे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया।

**श्री जीए त्रिवेदी**- गली नं. 22 शांति नगर निवासी श्री जीए त्रिवेदी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन मालवीय**- केसर विहार अधारताल निवासी श्री मदन मालवीय (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दशरथ कोरी**- पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री दशरथ कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक पवार**- गोरखपुर निवासी श्री अशोक कुमार पवार के पुत्र श्री दीपक पवार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा श्रीवास्तव**- अशोक विहार शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री संतोष श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आशा श्रीवास्तव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप सैनी**- माली मोहल्ला सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री दिलीप सैनी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई**- रांझी गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री करण बहादुर की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री योगेश कुमार कोरी**- कृष्णा नगर दीनदयाल चौक निवासी श्री जमना प्रसाद कोरी के पुत्र श्री योगेश कुमार कोरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

# मझगवां में गुर्गा, पटवारी के कहने पर 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा के मझगवां में पटवारी को लोकायुक्त टीम ने 20 हजार की घूस लेते रंगेहाथों पकड़ा है। बताया जा रहा है कि मझगवां पटवारी के पद पर पदस्थ देवीदनी पटेल ने रिश्वत लेने के लिए एक प्राइवेट कर्मचारी शारदा पटेल को रखा था। लोकायुक्त टीम ने शारदा पटेल को जितेन्द्र पटेल से दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। शारदा पटेल द्वारा उक्त रिश्वत की राशि पटवारी देवीदीन के कहने पर ही ले रहा था।

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम सिंगोद पनागर निवासी जितेन्द्र पिता हल्केराम पटेल उम्र 44 वर्ष पेशे से किसान है। जितेन्द्र की बहन सीमा की शादी ग्राम जुनवानी सिहोरा निवासी अरविंद पटेल के साथ हुई थी। 24 अप्रैल 2023 को अरविंद पटेल की करंट लगने से मौत हो गई थी। अरविंद की करीब 1.23 हेक्टेयर खेती की जमीन का फौती नामांतरण कराने के लिए सीमा ने 31 जुलाई को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन दिया। जैसे ही आवेदन



हल्का पटवारी देवीदीन पटेल के पास पहुंचा तो उसने सीमा के भाई जितेन्द्र को बुलाकर 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। जितेन्द्र ने लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर एसपी संजय साहू से शिकायत की। बुधवार को जितेन्द्र पटैल मझगवां स्थित पटवारी कार्यालय पहुंचा। जहां पर जितेन्द्र ने पटवारी देवीदीन से मुलाकात कर दस हजार रुपए की रिश्वत दी, जिसपर पटवारी देवीदीन ने इशारा करते हुए अपने प्राइवेट कर्मचारी शारदा पटेल को रुपए देने के लिए कहा। जितेन्द्र ने जैसे ही उसे रिश्वत के रुपए दिए, तभी लोकायुक्त टीम के इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, नरेश बेहरा, सब इंस्पेक्टर शिशिर पांडेय सहित अन्य अधिकारियों ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया।




# करकबेल में रेलवे की मॉकड्रिल, कोई ट्रेने प्रभावित नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से इटारसी रेलखंड पर स्थित करकबेल और श्रीधाम स्टेशन के बीच बुधवार शाम को 6.45 बजे रेल दुर्घटना होने की सूचना पर रेलवे का सायरन बजा। इस सायरन की आवाज को सुनते ही रेलवे का चिकित्सा, संरक्षा दल आदि तीव्र गति से रेलवे की दुर्घटना का अंदेशा होने पर 7.00 बजे रेलवे यार्ड में पहुंच गए। बचाव दस्तों के आते ही रेलवे की विशेष ट्रेन दुर्घटना स्थल की ओर रवाना हुई और ट्रेन के 15 मिनट के अंदर भेड़ाघाट स्टेशन पहुंचते ही कंट्रोल द्वारा ट्रेन में मौजूद अधिकारियों को सूचना दी गई कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि एक छद्म जांच है। जांच का उद्देश्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता के साथ से सतर्कता के प्रति जागरूकता तथा तीव्र गति से किए जाने वाले बचाव के कार्य के प्रति उनकी सहभागिता को जांच करने के लिए आयोजित की गई थी मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेकशील के निर्देश पर की गई जांच के दौरान ट्रेन में सभी विभागों के अधिकारी तथा लगभग 3 दर्जन कर्मचारी उपस्थित थे और सभी ने राहत की सांस ली भेड़ाघाट जबलपुर स्टेशन लाया गया।

# आजादी की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर केन्द्रीय जेल से 15 बंदी रिहा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतवर्ष की आजादी की 76वीं वर्षगांठ एवं 77वें स्वतंत्रता दिवस केन्द्रीय जेल जबलपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय जेल जबलपुर में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया तथा सलामी के साथ समस्त स्टाफ एवं जेल बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान वादन



किया गया। जिसके उपरांत अमर सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें जेल स्टाफ एवं बंदियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक/गायन प्रस्तुतियां भी दी गई। साथ ही अवगत कराया कि जेलों में परिरूद्ध बंदियों के लिए स्वतंत्रता दिवस का विशेष महत्व है, क्योंकि इस अवसर पर अच्छे आचरण के आधार पर शासन की माफी पाकर आजीवन कारावास से दण्डित 12 बंदी (11 पुरूष,1 महिला) एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत माफी पाकर 03 बंदी सहित कुल 15 दण्डित बंदी जेल से रिहा हुये। साथ ही जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को उनके अच्छे आचरण के आधार पर 03 दिवस की माफी प्रदाय करने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन उप जेल अधीक्षक (प्रशासन) मदन कमलेश द्वारा तथा मंच संचालन उप जेल अधीक्षक राकेश मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल में नशा मुक्ति के लिये संदेश दिया साथ ही प्रदर्शनी भी लगाई गई। साथ ही जेल में बंदियों द्वारा निर्मित सामग्री की प्रदर्शनी भी जेल प्रांगण में लगाई गई।




# वेटरनरी विश्वविद्यालय में मनाया गया आजादी का महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्वविद्यालय तथा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में आजादी के गर्व का महापर्व आजादी का अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता की 76 वीं वर्षगांठ समारोह हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। अमृत महोत्सव के अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विशाखा जाटव तृतीय वर्ष मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, द्वितीय स्थान किरण पाटीदार, चतुर्थ वर्ष, पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा और तृतीय स्थान आकांक्षा अग्निहोत्री, इंटर्नशिप, पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर रही। विशाखा जाटव को विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने 5000रुपए नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय स्तर का श्रेष्ठ शैक्षणिक कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र डॉ. सुदीप्तो घोष, तकनीकी अधिकारी- अधिष्ठाता संकाय कार्यालय तथा सोना दुबे जनसंपर्क अधिकारी को दिया गया साथ महाविद्यालय में श्रेष्ठ शैक्षणिक कार्यकरता का पुरुस्कार में डॉ. राखी वैश जबलपुर, डॉ. विवेक अग्रवाल महू, डॉ. नीरज श्रीवास्तव को दिया गया तथा डॉ. शशि प्रधान को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। श्रेष्ठ गैर शैक्षणिक कार्यकरता का पुरुस्कार अमित विश्वकर्मा, गार्गी मिश्रा व आशीष सोनी को दिया गया, श्रेष्ठ श्रमिक कार्यकता का पुरुस्कार रामानंद सोंधिया, अरुण एवं रामनिवास पटेल को दिया गया। कार्यक्रम में वि.वि.कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता आरके शर्मा, संचालक शिक्षण डॉक्टर सुनील नायक, प्रदीप लखानी, मत्स्य विज्ञान के अधिष्ठाता डॉ. एस के महाजन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. जीडी दास, डॉ. एसएस कारमोरे, डॉ. अजीत सिंह तथा समस्त विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आरडी भारद्वाज और रविंद्र कुमार सिंह सहित जबलपुर के चार पुलिसकर्मियों को मिला के.एफ. रुस्तमजी पुरुस्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में पुलिस एक ऐसा नाम है जिससे जनता को अपनी सुरक्षा और न्याय की उम्मीद लगी रहती है। साथ ही हर समय मदद के लिये मुस्तैद जनता के लिये हाजिर रहती है। शहर में भय मुक्त वातावरण बना रहे और जनता स्वयं को स्वतंत्रत माहौल में महसूस करे इसके लिये पुलिस भी पूरजोर कोशिश करती है। इतनी भाग दौड़ व तनाव ग्रस्त जिंदगी के बाद भी अपनी ड्यूटी को ईमानदारी व लगन से करना यही पुलिस का काम बन जाता है। जिसके चलते पुलिस अधिकारी और कर्मी अपने परिवार को भी समय नहीं पाते। इसके बावजूद ड्यूटी के दौरान पुलिस का शानदार प्रदर्शन एक बड़ी बात है। जिसके लिये सरकार ऐसे पुलिस कर्मियों को के. एफ़. रुस्तमजी पुरुस्कार से सम्मानित करती है।

इस वर्ष इस पुरस्कार के लिये मध्य प्रदेश के 55 पुलिसकर्मियों की सूची जारी की गई है। ये पुरस्कार वर्ष 2021 के लिए दिए जा रहे हैं, इसमें जबलपुर से चार नाम शामिल हैं। जिसमें आर. डी. भारद्वाज (तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक ओमती), रविंद्र कुमार सिंह कंट्रोल रूम प्रभारी, दीपक प्रधान, प्र. आर. 586, 6 वीं



वाहिनी, वि. स. बल जबलपुर, गौरव सिंह ठाकुर, आरक्षक, वि. शा. जिला जबलपुर। इसके अलावा सूची में वर्ष 2021 में भोपाल सायबर क्राइम की तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक रहीं नीतू ठाकुर विश्वकर्मा का भी नाम है जो वर्तमान में जबलपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर पदस्थ हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों को 50 हज़ार रुपये और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

इन सभी का चयन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता वाली और गुप्तवार्ता, विशेष सशस्त्र बल और प्रशासन के पुलिस महानिरीक्षकों की सदस्यता वाली समिति द्वारा किया गया है। जानकारी के अनुसार के. एफ़. रुस्तमजी का पूरा नाम खुसरो फ़रामुर्ज़ रुस्तमजी था। उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे सीमा सुरक्षा बल के प्रथम महानिदेशक थे। उन्होंने सुरक्षा में उन्नति और नई प्रगतियों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रशासनिक कौशल से बल को मजबूती दी। उन्हें विशिष्ट बल का पहला बॉर्डरमैन भी कहा जाता है। जिनके नाम से अब पुलिस अधिकारियों को पुरस्कार देने का सिलसिला शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013 से शुरू किए गये इस पुरस्कार का उद्देश्य पुलिस बल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दस्यु उन्मूलन अभियान, नक्सल विरोधी अभियान, सांप्रदायिक दंगों, कानून और व्यवस्था की गंभीर परिस्थितियों के नियंत्रण में अच्छा कार्य करने तथा कार्य निर्वहन के उच्च कोटि की वीरता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# पनागर में हुई लूट का 48 घंटे के अंदर खुलासा, मारपीट कर रूपये छीनने वाले लुटेरे गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना अंतर्गत बुढ़ागर क्षेत्र में पास बंजारी माता मंदिर के पास 13 अगस्त की रात लगभग 9-30 बजे तीन युवकों को हथियारबंद युवकों ने लूट लिया और भाग निकले। जिसके बाद पीड़ित अहमद अली उम्र 30 वर्ष निवासी छोटा मस्जिद के पास ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई, कि वह इम्तियाज अली निवासी छोटी ओमती के बुढ़ागर स्थित कबाड़ की दुकान में काम करता है उसके साथ शमीम असांरी एवं मोह. सलीम निवासी छोटी ओमती के भी साथ में काम करते हैं।

13 अगस्त को तीनों सुबह मालिक इम्तियाज अली की एक्टिवा से काम करने बुढागर गये थे। कबाड़ की दुकान बंद करने के बाद तीनों एक्टिवा से जबलपुर लौट रहे थे। शाम लगभग 7 बजे बंजारी माता मंदिर के पास पहुंचे तभी पीछे बुढागर तरफ से मोटर सायकिल सवार 2 लड़के एवं एक एक्टिवा में 2 लड़के आये मोटर सायकिल सवार लड़कों ने बाजू से गाड़ी चलाते हुये उसकी एक्टिवा में लात मार दी। जिससे तीनों गिर गये। उक्त लड़के मोटर सायकिल रोककर तीनों से डंडो एवं हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे।

जिसमें एक लड़का तीनों का जेब टटोलने लगा और उसकी जेब में दुकान के व्यापार के रखे हुये लगभग 30-40 हजार रूपये निकाल लिया और सभी लड़के अपनी अपनी गाड़ी में बैठकर पनागर तरफ भाग गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुये मामले को जांच में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ने के लिये लगायी। तलाश के दौरान टीम को सूचना मिली कि जिन युवकों ने लूट की घटना की थी सभी लडके एक बिना नम्बर की एक्सिस से देवरी रेल्वे स्टेशन की ओर गये हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश देते हुये तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम विनायक रजक निवासी देवरी बजरंग वार्ड, शिवम गोटिया निवासी देवरी बड़ा बगीचा, शिवम कोल निवासी स्टेशन रोड सरकारी स्कूल के पीछे पनागर बताये। तीनो ने मिलकर एक्टीवा से जा रहे 3 लोगों को रोककर 40 हजार रूपये व कागजात छीनना तथा नगदी रूपये आपस मे बांट लेना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर छीने हुये 40 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन तथा बांस के 2 डण्डे जप्त करते हुये तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने दबोचे कच्ची व देशी शराब के तस्कर

## दो आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना क्षेत्र में बीते कुछ माह से जमकर शराब तस्करी हो रही है। पुलिस चांदमारी कुचबंधिया मोहल्ला में लगातार कार्रवाई कर कच्ची शराब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस की कार्रवाईयों के बावजूद ये शराब तस्कर फिर कच्ची शराब बेचने व बनाने में लग जाते हैं। पुलिस ने एक बार फिर चांदमारी क्षेत्र में छामा मारकर एक घर से कच्ची शराब बरामद की है। घमापुर थाना प्रभारी चंद्रकांत झा ने बताया कि चांदमारी कुचबंधिया मोहल्ला में सिकन्दर कुचबंधिया अपने घर के सामने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब रखकर बेचने के खड़ा था। जिसे दबोच लिया गया है। जो अपने घर में 4 कुप्पे रखे हुआ था। जिसमें 60 लीटर कच्ची शराब भरी हुई थी। पुलिस ने आरोपी सिकन्दर कुचबंधिया के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### गोराबाजार में देशी शराब के साथ युवक पकड़ा गया

इसी प्रकार गोराबजार थाना अंतर्गत 15 बालक क्रीडा परिसर के सामने तिलहरी में एक युवक अधिक मात्रा देशी शराब रखकर बेच रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि बालक क्रीड़ा परिसर के सामने तिलहरी में एक शटर लगी दुकान के पास एक



युवक खड़ा दिखा जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना कन्हैया उर्फ रवि कुमार यादव उम्र 32 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट बताया। जिसने पूछताछ पर उक्त शटर वाली दुकान स्वयं की होना बताया। पुलिस ने जब उसकी दुकान की तलाशी ली तो वह दुकान के पीछे एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी एवं एक खाकी रंग के कार्टून रखा मिला। जिसमें कुल 171 पाव देशी शराब, एवं खाकी कार्टून के अंदर 17 पाव लगभग 18 हजार 600 रूपये की रखे मिल आरोपी के कब्जे से उक्त शराब जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबअकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# 50 फीसदी पैसा जमा कराये बगैर कैसे दे दी जमानत




## मैथोडिस्ट चर्चा का बहुचर्चित मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मैथोडिस्ट चर्च की क्रिश्चियन स्कूल के लिये मिली लीज की जमीन का व्यवसायिक उपयोग करने के आरोपी को जमानत दिये जाने को सख्ती से लिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में भ्रष्टचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायधीश से पूछा है कि हाईकोर्ट शर्त के बावजूद उन्होंने बिना 50 फीसदी राशि जमा कराए आरोपी मनीष एस गिडियन को जमानत कैसे दे दी। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

उल्लेखनीय है कि मैथोडिस्ट चर्च की नौदरा ब्रिज क्रिश्चियन स्कूल के लिए मिली लीज की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करने के मामले में आरोपी बनाए गए मैथोडिस्ट चर्च के कार्यपालिक सचिव मनीष एस गिडियन को हाईकोर्ट ने 15 मई को सशर्त जमानत प्रदान की थी। हाईकोर्ट ने आरोपी मनीष गिडियन को बकाया लीज रेंट 7 करोड़ 62 लाख का 50 प्रतिशत यानि 3 करोड़ 81 लाख जमा करने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही बिना अनुमति विदेश नहीं जाने सहित अन्य शर्तों के तहत जमानत का लाभ दिया था। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने 10 मई 2022 को इस मामले में प्रकरण दर्ज किया था। मामले पर सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया गया कि आरोपी ने अभी तक लीज रेंट का 50 फीसदी पैसा जमा नहीं कराया है और विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) जबलपुर ने उसे जमानत पर छोड़ दिया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने विशेष न्यायधीश से स्पष्टीकरण मांगा है।

# सीएम के आदेश पर लगाया गया एनएसए

## आवेदिका का दावा, सरकार को जवाब पेश करने मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ व न्यायधीश विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष बहुचर्चित सीधी पेशाब कांड मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर एनएसए की कार्रवाई मनमाने तरीके से की गई है। जबकि इसका ठोस वैधानिक आधार मौजूद नहीं था।

न्यायालय ने इस जवाब को रिकॉर्ड पर लेकर राज्य शासन को जवाब पेश करने के लिए एक सितंबर तक का समय दिया है। मामले की सुनवाई याचिकाकर्ता सीधी निवासी कंचन शुक्ला की ओर से कहा गया कि उनके पति प्रवेश शुक्ला को एनएसए के तहत जेल में बंद कर दिया गया है। चूंकि प्रवेश का आपराधिक रिकार्ड नहीं था अत: एनएसए की कार्रवाई की वैधानिकता चुनौती योग्य है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-21 के विपरीत होने के कारण भी अनुचित है। इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को राज्य शासन से निर्देश हासिल कर अवगत कराने की जिम्मेदारी सौंपी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने यह भी दलील दी कि जिस वीडियों के वायरल होने के आधार पर एनएसए लगाया गया वह तीन साल पुराना है। 2020 के वीडियो के कारण, किसी प्रकार के दंगे या विवाद की कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई थी। मुख्यमंत्री द्वारा इंटरनेट मीडिया में की गई पोस्ट पर पब्लिक आर्डर के तहत उक्त कार्रवाई सीएम ऑर्डर के तहत की गई कार्यवाही थी।

# चाकू से हमला कर हत्या करने वाले को आजीवन करावास

## एडीजे कोर्ट ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एडीजे अरुण प्रताप सिंह की अदालत ने चाकू से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी विनय मेहता को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 24 जनवरी 2020 को अशोक वर्मा न्यू कंचनपुर अपनी बहू नेहा वर्मा तथा लड़के हितेश वर्मा की पुत्री मेहर 09 माह की तबियत खराब होने पर देखने गये थे। जहां पर विनय मेहता द्वारा पारिवारिक बातों को लेकर विवाद शुरु कर दिया गया। मृतक अशोक के लड़के हितेश व यश जब समझाईश देने पहुंचे तो विनय मेहता चाकू व विवेक तलवार लेकर मारपीट करने लगे। जिस पर अशोक वर्मा बीच बचाव करने पहुंचे, इसी दौरान विनय ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनकी जांघ से काफी खून बह गया। उपचार दौरान एक निजी अस्पताल में 25 जनवरी को अशोक की मौत हो गई। अधारताल पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी विनय मेहता को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में डीपीओं अजय कुमार जैन एवं विशेष लोक अभियोजक कृष्णगोपाल तिवारी ने पैरवी की।

# अयोध्या से मुंबई जा रहे यात्री की समोसा खरीदने के चक्कर में जान आफत में फंसी

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेशन पर चलती मुंबई सुपर फास्ट एक्सप्रेस में दौड़ लगाकर डिब्बे में चढ़ने के प्रयास में एक यात्री के गेट से गिर कर घिसटते ही उसे रेलवे स्टाफ मनीष ठाकुर ने खींच कर बचा लिया। अन्यथा जरा सी देर होने पर उसकी जान जोखिम में आ जाती।

इस सम्बन्ध में सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि एक यात्री मोहम्मद शादाब मुंबई-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 22104 में एस 9 वर्थ नं. 75 में अयोध्या से मुंबई के लिए यात्रा कर रहा था, जो चाय-नाश्ता के लिए कटनी स्टेशन पर उतर कर आराम से खाद्य सामग्री चाय-समोसे का लेन देन करने लगा। तभी उसने देखा कि उसकी गाड़ी चलने लगी है तो वह चलती गाड़ी में दौड कर चढ़ते समय गेट पर पैर फिसल कर दुर्घटना का शिकार हो रहा था तभी प्लेटफार्म पर मौजूद रेलवे स्टाफ मनीष ठाकुर द्वारा उसे बचाया गया।

ट्रेन से गिरे यात्री ने बताया कि वह अयोध्या से मुंबई जा रहा था इस घटना में उसका कीमती बैग बर्थ पर ही छूट गया है। जिस पर उप स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र सिंह राठोर ने तुरंत आरपीएफ तथा ट्रेन के टीटीई अविनाश कुमार को बैग की जानकारी देकर बैग जबलपुर में उतरवा लिया और बाद में यात्री को बैग मिल गया। रेलवे की इस त्वरित कार्यवाही से यात्री की जान बचने के साथ ही सामान भी सुरक्षित मिल गया। जिस पर उसने इस प्राण रक्षा के लिए रेलवे को शुक्रिया तथा आभार व्यक्त करके दूसरी ट्रेन से अपनी शेष यात्रा के लिए रवाना हुआ।

## धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व

# नगर और ग्रामीण इलाकों में शान से लहराया तिरंगा

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन ब्लाक के नगर एवं ग्रामीण इलाकों में 15 अगस्त के पावन पर्व पर तिरंगा झंडा फहरा कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। सिविल कोर्ट पाटन एवं अपर सत्र न्यायालय में आजादी का अमृत महोत्सव मनाकर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा इस संबंध में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर,संदीप पटेल,केशव प्रताप सिंह,अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सिविल कोर्ट एवं सत्र न्यायालय को दुल्हन की तरह सजा कर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर्व पर ध्वजारोहण मनाया गया। इसके अलावा पाटन नगर की समस्त शासकीय इमारत राजस्व, न्यायालय, नगर परिषद,जनपद पंचायत कार्यालय,कृषि विभाग कार्यालय,पुलिस एसडीओपी कार्यालय,पुलिस थाना, महाविधालय,सीएम राइज स्कूल,तान्या कॉन्वेंट स्कूल एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त ग्राम पंचायत सहित शासकीय, अशासकीय विद्यालय के भवनों को रंग-बिरंगी लाइट लगाकर सजाया गया है। प्रात:होते ही सभी शासकीय कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहरा कर विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा दी जाएगी।



### पाटन पीडब्लूडी कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**पाटन।** पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले लोक निर्माण विभाग पाटन के कार्यालय में अनुविभागी अधिकारी श्रीमती अर्पणा त्रिपाठी एवं विभाग के समस्त कर्मचारी गण की उपस्थी में तिरंगा झंडा फहराया गया।

### पाटन झंडा चौक पर,जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर ने फहराया तिरंगा

**पाटन देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और 76 वी वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर नगर परिषद पाटन के झंडा चौक पर जनपद अध्यक्ष पाटन ज्योति ठाकुर के द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,एसडीएम की उपस्थि में झंडा फहराया गया ध्वजारोहण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे ठाकुर उदयभान सिंह सिनगौरी, भाजपा नेता देव कुमार यादव, पार्षदगण में ठा,महेंद्र सिंह, ठा जितेंद्र सिंह, दीपक जैन, सत्यम मेहरा, शेख अमजद सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।

## पनागर में जश्न के साथ मनाया गया स्वतंत्रता पर्व



**पनागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त का जोश हर भारतीय को होता है।. जिसमे महिलाएं बड़े बच्चे, और पुरुष बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है। और राष्ट्रीय पर्व को बड़े ही शान के साथ मनाते है। जिसमे समस्त शासकीय और निजी स्कूलो द्वारा स्वतंत्रता दिवस की रैली निकाली जाती है। एवं जनप्रतिनिधी एवं गणमान्य जन प्रस्तावित स्थानों पर झंडा रोहण कर के राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हैं।

इसी श्रृंखला में गाँधी स्मारक पर विधायक सुशील तिवारी जनपद पंचायत पनागर में अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल शैलू नगरपालिका परिषद कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल तहसील कार्यालय में तहसीलदार विकास जैन मुडिया पंचायत में शशिकान्त पाण्डेय, अधिवक्ता फोरम में अध्यक्ष विमल जैन, बेलखाडू में बिनीता यादव जन सेवा कार्यालय में विनोद श्रीवास्तव, ब्लाक कांग्रेस पनागर में सजय श्रीवास्तव, महाराजपुर अध्यक्ष मनोज पटेल दाऊ, न्यू ड्रामा क्लब युवराज जैन, पत्रकार कार्यालय अंकित जैन द्वारा ध्वजा रोहण कर राष्ट्रीय गीत गायन के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया।

## सार-समाचार



### नगरीय प्रशासन मंत्री ने किया सहकारिता विस्तारक अधिकारी को सम्मानित

**मझौली, देशबन्धु।** जबलपुर जिले में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में विभागीय कार्यों में सराहनीय कार्य करने के लिए सहकारिता विस्तार अधिकारी योगेश दुबे को भी प्रमाण पत्र देकर नगरीय प्रशासन मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर जबलपुर जिले के कलेक्टर सौरभ सुमन एवं जबलपुर जिले के एसपी तुषार कांत विद्यार्थी उपस्थित रहे योगेश दुबे की इस सफलता पर उनके विभागीय वरिष्ठ एवं समकक्ष अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की ज्ञात हो कि योगेश दुबे वर्तमान में मझौली एवं सिहोरा में सहकारिता विस्तारक अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं एवं सहकारी विपणन समिति संस्था मझौली के प्रशासक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### ग्राम पंचायत सगोड़ी में ग्राम सभा का किया आयोजन

**मझौली, देशबन्धु।** 16 अगस्त को ग्राम पंचायत सागोड़ी ग्राम सभा का आयोजन हुआ लोगों की समस्याएं सुनी गई और उसका निराकरण निकल गया और ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ग्राम सभा में स्व सहायता समूह की महिलाओं और दीदी को एक-एक वृक्ष वितरित किए गए सभी को संदेश दिया गया सांसे हो रही हैं कम वृक्ष लगाए हम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच दीपक साहू ने सभी को वृक्ष बनते ग्राम सभा में उपस्थित ग्राम पंचायत सगोड़ी में सचिव कान्हा पटेल सहायक रोजगार सुखदेव यादव पाच राम विशाल पटेल कोटवार दिलीप दहायत संतराम चक्रवर्ती रतन गोटिया किशन यादव सेतु पटेल और समस्त ग्रामवासी और माताओं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ग्राम सभा में सरपंच दीपक साहू ने समस्याओं को सुनकर किया निराकरण।

### स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सुमन एचपी गैस एजेंसी में किया गया पौधरोपण



**मझौली देशबन्धु।** देश मना रहा आजादी का अमृत महोत्सव आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन आज सुमन ॥ क्क गैस एजेंसी मझोली में वृक्षरोपण किया गया इस मौके पर गैस एजेंसी के संचालक ब्रजमोहन मरस्कोले मेनेजर आशीष दहिया और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

### पर्यावरण को हरा भरा रखने 30 हजार पौधों का किया गया रोपण

**बरगी नगर, देशबन्धु ।** पर्यावरण को हरा भरा रखने की मंशा तथा संकल्प के साथ जल निगम मर्यादित द्वारा आज पायली प्रोजेक्ट के अंतर्गत लार्सन एंड टूब्रो कंपनी द्वारा कहानी घंसौर क्षेत्र में लगभग 30,000 पौधे रोपित किए गए हैं। एलएनटी कंपनी द्वारा उक्त प्रोजेक्ट कार्य के दौरान 100000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें बरगी एवं गोटेगांव क्षेत्र में पौधे रोपित किए जाने हैं आज के इस कार्यक्रम में घंसौर वन परीक्षेत्र के रेंजर एवं एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर सौरव बंधोपाध्याय आनंद गांगुली कुमार सौरभ सेफ्टी इंचार्ज संदीप सिंह सुशांत निगम हरिहर नायक शंकर मंडल सुदीप्त सेन वेंडर रघु चौधरी एवं एलएनटी के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही ।

# क्रांतिकारियों के त्याग, तपस्या और बलिदान से मिली आजादी : राजमणि सिंह बघेल

**सिहोरा, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर ग्रामीण के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने कहा आजादी तो मिली अखंड भारत नहीं मिला कुछ गलत मानसिकताओं के लोगों ने भारत के टुकड़े कर दिए गए यह ऐतिहासिक भूल है कश्मीर में धारा 370 लगाकर इसे भारत के साथ नहीं होने दिया गया क्रांतिकारियों की त्याग तपस्या और बलिदान के कारण भारत आजाद हुआ है मोदी के नेतृत्व में इस धारा को खत्म कर एक देश में दो विधान दो निशान दो प्रधान नहीं चलेंगे युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा विशाल रैलियों के माध्यम से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में हजारों की संख्या ने बाइक रैली के माध्यम से क्षेत्र तिरंगे झंडे को लेकर कर जन जागरण आजादी का जश्न मनाया !!

**पनागर नगर किया भ्रमण**-भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल जिला उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी की नेतृत्व में हजारों युवाओं के साथ तिरंगा झंडा लेकर पैदल नगर भ्रमण किया गया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन उपस्थित रहे।

**पाटन में तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत**-भाजयुमो की तिरंगा यात्रा पाटन नगर में सैकड़ों टू व्हीलर के साथ विधायक अजय विश्नोई जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में नगर भ्रमण किया इस अवसर पर आचार्य जोगेंद्र सिंह, कृष्ण शेखर सिंह, राजकुमार सिंह, राजशेखर त्रिपाठी, मोनू सिंह, पंकज विश्वकर्मा मोर्चा के हजारों की तादाद में युवा उपस्थित रहे



**सिहोरा में युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा**-भाजपा प्रदेश मंत्री विधायक नंदनी मरावी भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में संपूर्ण सिहोरा नगर में तिरंगे झंडे के साथ भाजपा नेता भीम युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण कर आजादी का जश्न मनाया गया इस अवसर पर भाजपा नेता राजा मोर राजेश दहिया, अनुपम सराफ,अंकित तिवारी आयुष सेठी भाजपा एवं मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**शहपुरा में तिरंगा यात्रा का हुआ समापन**--15 अगस्त को प्रात: 8 बजे से भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में शुरू हुई तिरंगा यात्रा समापन भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी जी की उपस्थिति में बरगी विधानसभा के शहपुरा नगर बस स्टैंड में एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम कर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर देशभक्ति के गानों के साथ रंगारंग कार्यक्रम किया गया तिरंगा यात्रा में राजा मोरी जी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह,राजेश दहिया,आयुष सेठी ,पलास दुबे,राहुल त्रिपाठी,अभिषेक दहिया,अंचल साहू,आकाश जेन,राजा सोनी, विक्रांत सिंह, ठाकुर कृपाल सिंह सतीश जैन, रामनारायण गौतम, सुधीर जैन, आजाद जैन, मुन्ना पटेल, अनिल राय बाबा, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, किशोर ठाकुर, धीरज पटेल, अभिषेक राय, विश्वजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, राकेश पटेल, संजय पटेल, अभय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस पटेल, पुष्पराज सिंह शेखर, मनीष श्रीपाल, सोनू सिंह पटेल, राकेश गोलू आर्मो, राजा जैन, मनीष शुक्ला, पवन दुबे, आशु जयसवाल, विश्वजीत सिंह सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता ली।

## स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत रानीताल की लापरवाही के चलते ग्रामीणों ने नाराजगी जताई

**मझौली देशबन्धु।** जहां एक तरफ पूरा देश खुशहाली के साथ स्वतंत्रता दिवस मना रहा था तो वहीं, मझौली जनपद के ग्राम रानीताल में पंचायत की लापरवाही के चलते ग्रामीणों में आक्रोश आ गया।

ग्रामीणों ने बताया की हर वर्ष गांव में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता था लेकिन ग्राम पंचायत सरपंच राधा रमण व्यास के द्वारा इस वर्ष कोई कार्यक्रम आयोजित नही हुआ ओर न ही टेंट पंडाल लगाया गया जहा पूरा गांव तप्ती धूप में बैठा रहा इस वर्ष कोई व्यवस्था नहीं की गई जो हर वर्ष हुआ करती थी इससे सभी ग्रामीण नाराज हे इस प्रकार जहां पूरा देश खुशहाल हे वही हम लोगो को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मायूस होना पड़ा इसके पहले ऐसा कभी नहीं हुआ वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बैठने के साथ पानी और अन्य व्यवस्थाओं की पूरी कमी रही पंचायत का इस प्रकार का रवैया इसके पहले कभी नहीं देखा गया ग्रामीण की माने तो आज हमारा देश आजाद हुआ लेकिन हमारे ग्राम पंचायत रानीताल में आजादी के पर्व को लेकर जिसमे पंचायत के लापरवाही की चलते ग्राम में कोई हर्षोल्लाह नहीं रहा।।



## पंचायत कार्यालय में लटका रहता है ताला

**बरेला, देशबन्धु।** शासन द्वारा सभी शासकीय कार्यालयों के खुलने व बंद करने का समय निर्धारित है जिसके अनुसार सभी शासकीय कार्यालय सुबह 10ः बजे और शाम 6 00 बजे बंद होने का समय निश्चित है यह नियम सभी सरकारी कार्यालयों में लागू होता है किंतु ग्राम पंचायत पिपरिया कला मैं कार्यालय शासन के नियमों को दरकिनार कर पंचायत कर्मियों की मनमर्जी से खोलना बंद हो रहा है ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में अधिकतर कार्यालय में ताला लगा रहता है कहां है यहां पर पदस्थ सचिव और रोजगार सहायक अधिकतर समय अनुपस्थित रहते हैं। बुधवार को भी दोपहर 12ः00 बजे तक इस कार्यालय मैं ताला लटका हुआ था । पंचायतकर्मियों की कार्य प्रणाली से ग्रामीण परेशान हैं। आम जन को शासन की योजनाओं की जानकारी के लिए भटकना पड़ रहा है। यहां पर पदस्थ सचिव और रोजगार सहायक जनपद कार्यालय जबलपुर के नाम पर आए दिन गायब रहते हैं।स्थानीय निवासी कस्तूरी बाई बर्मन का कहना है कि वह के वाय सी कराने के लिए भटक रही हैं,किंतु कोई नहीं मिलता है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के अधिकारियों से ग्राम पंचायत कार्यालयो का औचक निरीक्षण की मांग की है ।इस संबंध में सचिव रवि नामदेव से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।



## विशेष रक्तदान व नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** 15 अगस्त के दिन समाजसेवी विनय असाटी की धर्मपत्नी स्व श्रीमती आशा असाटी जी की 9वी पुण्यतिथि पर मझोली स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के आयोजक विनय असाटी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मपत्नी आशा असाटी की पुण्यतिथि पर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जन सेवा करते हुए पुण्य आत्मा की शांति की कामना करता हूँ इस आयोजन का उद्देश्य जन सेवा है नगर एवं आसपास के लोगों का स्वयं पहुंचकर रक्तदान कर देश निर्माण में सहयोग करना एवं आंखों का परीक्षण कराकर निशुल्क ऑपरेशन कराने का सेवाभाव है।

15 अगस्त के दिन आयोजित इस कार्यक्रम में 63 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ,जिन्होंने ब्लड डोनेट किया उन सभी को प्रमाणपत्र एवं एक पौधा साथ ही प्रथम उपचार किट भी भेंट की,नेत्र प्रशिक्षण में 250 लोगों ने परीक्षण कराया जिनको आई ड्रॉप वितरित की गई एवं 210 लोगों को नि:शुल्क चश्मे भेंट किए गए चिन्हित किये गए छह लोगों का निशुल्क ऑपरेशन आने-जाने का प्रबंध भी समाजसेवी द्वारा किया गया इस अवसर पर बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, पाटन विधायक अजय विश्नोई, राजा मोर, अर्पण साहू,विक्की जैन,राजेन्द्र चौरसिया, गामा सोनकर, जितेन्द्र ताम्रकार,अमिताभ साहू, भूपेन्द्र सिंह,ब्रजेश पटेल, राजेश ठाकुर उर्मिला दाहिया, आशीष तिवारी, अटल चौरसिया,अभिषेक पटेल, हर्ष साहू, शिवम कोरी, प्रिंस राजपूत,सतीश असाटी सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित थे।



### स्वतंत्रता दिवस पर खनन व्यापारी ने की शालाओं में अध्ययन सामग्री का वितरण किया

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** स्वतन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर सागर स्टोन इंडस्ट्रीज, गांधीग्राम एवं शोभा माइंस एंड मिनरल्स गांधीग्राम के संचालक नितिन शर्मा (आशु भैया) के द्वारा ग्राम, गांधीग्राम,धमकी व बम्होरी के समस्त शासकीय शालाओं में अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया द्य इस अवसर पर नितिन शर्मा ने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## पाटन झंडा चौक में जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर ने फहराया तिरंगा

**पाटन, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और 76 वी वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर नगर परिषद पाटन के झंडा चौक पर जनपद अध्यक्ष पाटन ज्योति ठाकुर के द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,एसडीएम की उपस्थि में झंडा फहराया गया ध्वजारोहण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे ठाकुर उदयभान सिंह सिनगौरी, भाजपा नेता देव कुमार यादव, पार्षदगण में ठा,महेंद्र सिंह, ठा जितेंद्र सिंह, दीपक जैन, सत्यम मेहरा, शेख अमजद सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।



### छोटे कमर्शियल वाहन चालकों ने निकाली नगर में तिरंगा यात्रा

**पाटन देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पाटन नगर के छोटे माल वाहक एवं ऑटो चालकों ने अपने अपने वाहनों में तिरंगा लगाकर नगर में तिरंगा रेली निकाली जिसका नेतृत्व नगर परिषद के अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंग ने किया। इसके अलावा श्री ठाकुर एक कमर्शियल वाहन को स्वयं चलाकर रैली में उपस्थित रहे। तिरंगा रैली में सैकड़ों की तादाद में महिंद्रा पिकप वाहन,छोटा हाथी,आटो वाहन शामिल हुए।

## स्वीडन ने विदेश में मौजूद अपने नागरिकों को सतर्क रहने की दी सलाह, कुरान बेअदबी की घटनाओं से तनाव

स्वीडन ने कुरान बेअदबी की घटनाओं के बाद विदेश में मौजूद देश के नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। एक सीनियर अधिकारी ने सोमवार को कहा कि देश में कुरान जलाए जाने की हालिया घटनाओं और मुस्लिम जगत में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर विदेश में मौजूद लोगों और कारोबारियों को सतर्कता बरतनी चाहिए। स्वीडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरिक लेंडरहोम ने कहा कि देश–विदेश में स्वीडन के हितों के सामने खतरा बढ़ने के संकेत मिले हैं और सुरक्षा हालात बदतर हुए हैं। लेंडरहोम ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी समूहों ने स्वीडन को निशाना बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संकेत मिले हैं कि ये समूह विदेश में स्वीडन के हितों के खिलाफ काम करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने इराक की राजधानी बगदाद में स्वीडन दूतावास पर धावा बोले जाने जिक्र किया। इसके साथ ही, पिछले सप्ताह लेबनान की राजधानी बेरूत में राजनयिक मिशन पर हुए हमले का भी उल्लेख किया गया।

### मोरारी बापू के कार्यक्रम में बोले ब्रिटिश पीएम ऋषि

# हिंदू होने पर गर्व है, मेरी मेज पर भगवान गणेश का निवास



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कहा कि उनकी हिंदू आस्था उनके जीवन के सभी पहलुओं का मार्गदर्शन करती है और उन्हें देश के शासनाध्यक्ष के तौर पर बेहतरीन कार्य करने की प्रेरणा देती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के जीसस कॉलेज में आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू की 'रामकथा' चल रही है जिसमें प्रधानमंत्री सुनक ने हिस्सा लिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भारत के स्वतंत्रा दिवस के दिन इस कार्यक्रम में शामिल होने के संयोग बताया।

'रामकथा' में जुटी भीड़ के सामने सुनक ने कहा, 'बापू, मैं यहां पर एक प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि हिंदू के तौर पर आया हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए आस्था बहुत ही निजी है। यह मेरे जीवन के सभी पहलुओं का मार्गदर्शन करती है। प्रधानमंत्री होना एक बड़े ही सम्मान की बात है लेकिन इस पद पर रहते कर्तव्यों का निवर्हन करना आसान नहीं है। मुश्किल फैसले लेने होते हैं, मुश्किल विकल्पों को आत्मसात करना होता है और मेरी आस्था मुझे देश के लिए काम करने का साहस, ताकत और जुझारूपन देती है।'

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है लेकिन इस पद पर रहकर फैसले लेना आसान नहीं होता है। मेरा धर्म मुझे फैसले लेने का साहस और शक्ति देता है। उन्होंने कहा कि धर्म कुछ भी करने से पहले मुद्दों को सुनने और उनपर ध्यान देने के बारे में याद दिलाता है।

हाल ही में सुनक पत्नी अक्षता मूर्ति और बच्चों कृष्णा, अनुष्का के साथ अमेरिका से छुट्टियां मनाकर लौटे हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में वह अकसर परिवार के साथ पड़ोस के मंदिर में जाते थे।

सुनक (43) ने उस विशेष पल को भी साझा किया जब उन्होंने 2020 में पहले भारतीय मूल के ब्रिटिश चांसलर (वित्त प्रभारी) होते हुए अपने आधिकारिक आवास 11 डाउनिंग स्ट्रीट पर दिवाली के दिन पहली बार दिया जलाया था। मोरारी बापू की रामकथा में मंच के पार्श्व में लगी भगवान हनुमान की स्वर्णिम तस्वीर का उल्लेख करते हुए सुनक ने कहा कि यह मुझे याद दिलाती है कि कैसे स्वर्णिम भगवान गणेश 10 डाउनिंग स्ट्रीट में मेरी मेज पर प्रसन्नतापूर्वक विराजमान हैं।

## जज ने कर दी पत्नी की हत्या, घर में रखी थीं 47 बंदूकें और 26 हजार कारतूस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी और हत्या का मामला जैसे आम हो गया है। आए दिन ऐसी घटनाओं के बारे में सुनने को मिलता है। अमेरिका के साउथ कैलिफोर्निया में एक जज ने छोटी सी बात पर बहस होने के बाद अपनी पत्नी को गोली मार दी। मौके पर ही उनकी मौत होई। बाद में पुलिस ने जब उनके घर पर छापा मारा तो हथियारों का पूरा जखीरा मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक जज के घर से 47 हथियार और करीब 26 हजार राउंड गोलियां मिलीं। ऑरेंज काउंटी के सुपीरियर कोर्ट के जज जेफरी फर्ग्युसन पर आरोप है कि उन्होंने शराब के नशे में पत्नी की हत्या कर दी। उन्हें पिछले सप्ताह गिरफ्तार कर लिया गया और कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में उन्होंने कहा कि जानबूझकर उन्होंने इरादतन हत्या नहीं की है। यह हादसे की तरह हुआ। जज के बेटे ने ही अपनी मां की मौत की जानकारी पुलिस को फोन करके दी थी। जज की पत्नी की उम्र करीब 65 साल थी। जज फॉर्ग्युसन उनकी पत्नी शेरिल के बीच पास के ही एक रिस्तरां में डिनर को लेकर बहस हो गई। बहस के दौरान जज ने हाथ से बंदूक का शेप बनाकर पत्नी की तरफ किया। इसपर शेरिल ने कहा, तुम असली बंदूक से क्यों नहीं शूट कर देते। आवेश में तुरंत जज ने पिस्तौल निकाली और सीने के पास से गोली चला दी। बाद में फर्ग्युसन से जब हत्या का कारण पूछा गया तो उसने कहा कि वह इस मुद्दे पर और बहस नहीं करना चाहता था। जज को कोर्ट ने 10 लाख डॉलर की राशि पर जमानत दे दी है। 30 अक्टूबर को इस मामले में अगली सुनवाई होनी है। जज के वकील ने कहा कि यह हत्या एक हादसे की तरह थी। फर्ग्युसन ने जानबूझकर ऐसा नहीं किया। कोर्ट ने उन्हें शराब ना पीने की हिदायत दी है।

## रूस के पेट्रोल पंप पर बड़े विस्फोट में 27 की मौत और 100 घायल; धमाके पर बना सस्पेंस

रूस के दक्षिणी गणराज्य दागेस्तान में स्थित एक गैस स्टेशन में हुए भीषण विस्फोट में 27 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दागेस्तान के गवर्नर सर्गेई मेलीकोवि ने कहा कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे शामिल हैं। हालांकि, इस घटना को लेकर किसी तरह की कॉन्सपिरेसी को सस्पेंस बना हुआ है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की देश के आपातकाल मंत्रालय के हवाले से जारी की गई खबर के मुताबिक, क्षेत्र की राजधानी मखचकाला के बाहरी क्षेत्र में स्थित गैस स्टेशन में सोमवार रात को विस्फोट हुआ। आग पहले कार की मरम्मत की दुकान में लगी और देखते ही देखते पास के गैस स्टेशन में फैल गई। गैस स्टेशन में लगी आग थोड़ी ही देर में 600 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैल गई। खबर के मुताबिक, कुछ घायलों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से मास्को ले जाया जाएगा। रूसी प्राधिकारियों ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है। गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक चश्मदीद ने कहा कि आग उस क्षेत्र में शुरू हुई जहां कारें खड़ी थीं और पेट्रोल स्टेशन तक फैल गईं। अज्ञात गवाह ने कहा, विस्फोट के बाद हर तरफ गुबार था, जिससे हम और कुछ नहीं देख सके।

## आर्थिक मंदी से हांफ रहा ड्रैगन, बेरोजगारी का डेटा रिलीज करने पर भी चीन ने लगाई पाबंदी

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करने वाले चीन ने व्यापक आर्थिक मंदी के बीच युवा बेरोजगारी पर मासिक डेटा जारी करने पर रोक लगा दिया है। चीन की सरकार की तरफ से ऐसा तब किया गया है, जब देश में युवा बेरोजगारी की दर ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। यह निलंबन चीन की युवा बेरोजगारी दर के हाल के महीनों में लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद आया है। अप्रैल से जून तक, 16 से 24 साल के बच्चों के लिए बेरोजगारी दर क्रमशः 20.4त्न, 20.8त्न और 21.3 प्रतिशत तक पहुंच गई।

इस खबर की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है और लोग चीन की सरकार का मजाक उड़ा रहे हैं। जीरो कोविड पॉलिसी से पैदा हुए आर्थिक नुकसान से चीन अबतक रिकवर नहीं कर पाया है। इस बीच, मंगलवार को आधिकारिक डेटा में बताया गया है कि जुलाई में चीन में आर्थिक मंदी गहरा गई है। मंदी के बीच चीन के केंद्रीय बैंक ने अप्रत्याशित रूप से प्रमुख ब्याज दर में कटौती की है। जून में एक सर्वेक्षण में 16 वर्ष से 24 वर्ष तक की आयु के शहरी कामगार युवाओं में बेरोजगारी 21.3 प्रतिशत पाई गई और आबादी का यह हिस्सा महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने पर काम नहीं पा सका। इससे पहले, राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने हर महीने 16 से 24 साल के बच्चों के लिए शहरी बेरोजगारी दर का खुलासा किया था।

एनबीएस के प्रवक्ता फू लिंगहुई ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मौजूदा आंकड़ों में सुधार की जरूरत है। जून में एक सर्वेक्षण में 16 वर्ष से 24 वर्ष तक की आयु के शहरी कामगार युवाओं में बेरोजगारी 21.3 प्रतिशत पाई गई थी। आबादी का यह हिस्सा कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के बावजूद काम नहीं पा सका है।



हालांकि, आयु वर्ग के आधार पर बेरोजगारी दर का प्रकाशन संदिग्ध है, जबकि राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो इस पर विचार कर रहा है कि वह डेटा का मापन कैसे करे। बयूरो के प्रवक्ता फु लिंघुई ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण में पाया गया कि शहरी कामगारों के बीच संपूर्ण बेरोजगारी 5.3 प्रतिशत है, जो जून से 0.1 प्रतिशत तक अधिक है।

फु ने संवाददाता सम्मेलन में कहा,%%बेरोजगारी की स्थिति आमतौर पर स्थिर है। उपभोक्ता व्यय में वृद्धि एक साल पहले के जुलाई महीने की तुलना में, पिछले महीने 3.1 प्रतिशत से घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई है। मंगलवार को जारी हुए आंकड़े के मुताबिक, फैक्टरी उत्पादन में वृद्धि 4.4 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए अमेरिका, यूरोपीय केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने के बाद निर्यात मांग घटने पर ऐसा हुआ। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने बैंकों को एक सप्ताह के ऋण पर ब्याज दर 1.9 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत कर दिया है।

## बेशकीमती घड़ी की नकली रसीद! तोशाखाना केस में अब इमरान की बीवी की बढ़ी मुश्किलें

तोशाखाना केस के सिलसिले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अटक की जेल में बंद हैं। जेल में पाकिस्तानी पूर्व प्रधानमंत्री को काफी तकलीफ हो रही हैं, जेल की कालकोठरी में उन्हें ऐशो–आराम की जिंदगी नसीब नहीं हो रही है। उधर इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी पर भी तोशाखाना केस से जुड़े काले बादल छाए हुए हैं। इस्लामाबाद पुलिस ने तोशाखाना केस में बेशकीमती घड़ी की फर्जी रसीदें बनाने के मुद्दे पर इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराने का फैसला किया है।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, कोर्ट के आदेश के बाद बुशरा बीबी तोशाखाना से फर्जी घड़ी रसीद बनाने के मामले में पूछताछ की गई, इस दौरान बुशरा बीबी से दो ऑडियो लीक के बारे में पूछताछ की गई। सूत्रों का कहना है कि बुशरा बीबी ने कहा कि ऑडियो में आवाज मेरी नहीं है, बुशरा बीबी के इनकार के बाद पुलिस टीम ने ऑडियो को सुना।

इस्लामाबाद पुलिस के सूत्रों का कहना है कि दोनों ऑडियो की फोरेंसिक रिपोर्ट को केस रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया जाएगा। पुलिस जांच टीम ने 25 सवाल तैयार किए, 23 सवाल बुशरा बीबी से पूछे गए, जिनमें से ज्यादातर तोशाखाना के गिफ्ट से जुड़े हुए थे। सूत्रों का कहना है कि बुशरा बीबी ने फर्जी रसीदें बनाने के आरोप से इनकार किया है और कहा है कि हमें नहीं पता कि रसीदें कहां से आई और किसने बनाई, उन्होंने कहा कि तोशाखाना घड़ी के बारे में सभी खबरें बेबुनियाद हैं।

**क्या है तोशाखाना मामला?**

तोशखाना एक फारसी शब्द जिसका अर्थ है 'खजाना घर'। तोशाखाना, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री पर लगे आरोपों के बाद से चर्चा में है। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान पर प्रधानमंत्री रहने के दौरान अपने पद का दुरुपयोग करते हुए राज्य के कब्जे वाले उपहारों को खरीदने और बेचने का आरोप लगाया गया था। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, उपहारों में एक शाही परिवार द्वारा दी गई घड़ियां शामिल थीं।

**राजनीति**

### मप्र में 50 फीसदी कमीशन के आरोपों पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

## प्रियंका समेत अन्य नेताओं पर 41 जिलों में एफआईआर हुई दर्ज

भोपाल, (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव से पहले एक कथित चिट्ठी ने मध्य प्रदेश की सियासत में हलचल मचा दी। इस कथित पत्र को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने सामने हो गए हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मामले में ट्वीट से प्रदेश की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

इसमें ठेकेदारों के एक संगठन द्वारा कथित तौर पर 50 फीसदी कमीशन देने पर भुगतान देने मिलने का आरोप लगाया है, जो जबलपुर हाईकोर्ट को लिखी गई थी। इधर, बीजेपी ने प्रियंका गांधी के आरोपों को झूठा बताते हुए, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

कांग्रेस का दावा है कि मध्य प्रदेश के प्रियंका समेत अन्य नेताओं पर 41 जिलों में ये एफआईआर दर्ज हुई हैं। प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और जयराम रमेश समेत अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस पार्टी आक्रमक मोड में आ गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने कहा कि, राज्य में 50 प्रतिशत कमीशनखोरी की सरकार काम कर रही है। हमने इसके खिलाफ आवाज उठाई।



**■ एफआईआर दर्ज होने के बाद आक्रमक मोड में आई कांग्रेस**

इसे लेकर उन्होंने मेरे, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पहले हम गोरों से लड़े थे अब हम इनके खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने चर्चा में कहा कि प्रदेश सरकार अगर गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं को खुद से होकर भोपाल के थाने में गिरफ्तारी के लिए पहुंच जाना चाहिए। इसी तर्ज पर हर जिले में कांग्रेस के नेताओं को प्रियंका की तर्ज पर गिरफ्तारी देना चाहिए।

इससे प्रदेश में कांग्रेस के समर्थन में एक माहौल तैयार होगा इसका सीधा फायदा पार्टी को चुनाव में नजर आएगा।

मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार ऋषि पांडे कहते है कि, अगर प्रियंका की गिरफ्तारी होती है तो सारे कार्यकर्ता उनके साथ सड़कों पर आ जाएंगे। इससे सीधा फायदा कांग्रेस पार्टी होगा। प्रदेश में फिर से कांग्रेस के पक्ष में माहौल नजर आएगा। लेकिन एफआईआर मामले में भाजपा कांग्रेस से आगे नजर रही है।

एक दिन में इस पत्र को फर्जी बताकर इसकी हवा निकले में जुट गए। भाजपा को इसका फायदा जब तब है तब तक प्रियंका यहां आकर गिरफ्तारी नहीं देती या ठेकेदार संघ का अध्यक्ष आगे आकर कोई बयान नहीं देता।

अगर ठेकेदार संघ का अध्यक्ष सामने आकर इस पत्र की पुष्टि करता है तो फिर यह पत्र भाजपा के लिए मुसीबत बन जाएगा। भोपाल में क्राइम ब्रांच के डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि, ये एफआईआर आईपीसी की धारा 469, 500 और 501 के तहत दर्ज की गई।

### आज का इतिहास

1836–ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये।
1858–हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया।
1909–मदन लाल ढींगरा को वायली और लालकाका की हत्या मामले में पेंटोनविली कैदखाने में फाँसी दी गयी।
1914–लिथुवानिया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1915–चक्रवाती तूफान से गेलवेस्टोन और टेक्सास में 275 लोगों की मौत।
1917–इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1924–फ्रांस और जर्मनी के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
1932–भारतीय मूल के प्रसिद्ध अंग्रेज़ी साहित्यकार वी.एस. नायपॉल का जन्म।
1945–सुकर्णो और मोहम्मद हट्टा ने इंडोनेशिया में नीदरलैंड से अपनी आजादी की घोषणा की।
1947–भारत की आज़ादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकडी स्वदेश रवाना

### सुडोकू 6288

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### वर्ग पहेली 6288

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**

१. समय सारिणी (टाइम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला
१०. रवैया, रीति–रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा, समिति, विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लि संघठित संस्था,
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या इंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:–**

१. वह स्थान जहां से यंत्रों आदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्यवेक्षण किया जाता है
२. अशक्त, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, इच्छा, चाह (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अटल, अत्यावश्यक
१७. पूज्य पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली–6287

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ति | जा | २ र | त | ■ | ■ | ३ क | र्ण | ४ क | टु |
| थि | ■ | ह | ■ | ५ प्र | वि | ष्ट | ■ | र्क | ■ |
| ६ प | रा | म | र्श | क | ■ | ७ क | र्म | शा | ८ ला |
| त्र | ■ | दि | ■ | ९ र | फ्ता | र | ■ | ■ | भ |
| ■ | १० वि | ल | ११ क्ष | ण | ■ | ■ | १२ झ | ट | का |
| ■ | क्रे | ■ | मि | ■ | १३ ब | ग | ल | ■ | र |
| १४ ह | ता | १५ ह | त | ■ | वा | ■ | १६ क | १७ न | क |
| थ | ■ | म | ■ | १८ ति | ल | १९ स्म | ■ | र्त | ■ |
| २० कं | गा | ल | ■ | ल | ■ | २१ र | वि | क | २२ र |
| डा | ■ | ■ | २३ आ | क | र्ष | क | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा : पथिराना

**कोलंबो।** श्रीलंका के युवा तेज़ गेंदबाज़ मथीशा पथिराना ने एक गेंदबाज के रूप में उनके विकास में भूमिका के लिये चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा की है। पथिराना ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई के लिये पदार्पण किया और अपने पहले ही सीज़न में वह टीम के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज रहे। पथिराना ने चेन्नई में अपने अनुभव पर कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में अगर कोई आपको इस तरह का आत्मविश्वास देता है तो यह आपके करियर को आगे बढ़ाता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं। पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताये गये समय पर कहा, मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज़ विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं।



# मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में इंग्लैंड



**सिडनी।** इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार फाइनल का टिकट कटा लिया। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर इंग्लैंड का पहला गोल एला टून ने 36वें मिनट में किया। सैम कर ने 63वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिये बराबरी का गोल किया, लेकिन लौरेन हेम्प (71वां मिनट) और एलिसा रूसो (86वां मिनट) ने इंग्लैंड का दूसरा और तीसरा गोल जमाकर मेज़बान टीम का चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। इंग्लैंड अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्पेन का सामना करेगा, जबकि तीसरे स्थान के लिये ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला स्वीडन से होगा।

पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना लेकर उतरीं दोनों टीमों ने मैच की आक्रामक शुरुआत की, हालांकि कुछ देर बाद ही इंग्लैंड ने अपने खिलाड़ियों के मज़बूत समन्वय से मैच पर दबदबा बना लिया। इंग्लैंड ने कई मौकों पर गोल करने का अंदेशा दिया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस ने विपक्षी टीम को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। रूसो ने टून की सहायता से 19वें मिनट में गोलपोस्ट पर एक निशाना भी लगाया लेकिन उनका कोण सही न होने के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को परेशान नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड ने अंततः 36वें मिनट में बढ़त बनायी जब रूसो ने पेनल्टी बॉक्स में चौकसी दिखाते हुए टून को गेंद पास की। टून ने गेंद को गोलपोस्ट के शीर्ष कोने में खेला और ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर की पकड़ से बचकर इंग्लैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इंग्लैंड ने पहले हाफ में गेंद पर 67 प्रतिशत कब्ज़ा रखने के अलावा ऑस्ट्रेलिया की प्रतिभाशाली फॉरवर्ड सैम कर को भी खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया था। दूसरे हाफ में हालांकि कर ने एली कार्पेंटर और हेली रासो के साथ मिलकर मौके बनाना शुरू किये। ऑस्ट्रेलिया के लगातार प्रयासों का नतीजा उसे 63वें मिनट में मिला जब कर ने 30 गज़ की दूरी से सटीक निशाना लगाकर अपनी टीम के लिये स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

कर के पास चार मिनट बाद एक और गोल जमाने का मौका था, हालांकि इस मौके पर वह इंग्लैंड के डिफेंस को नहीं भेद सकीं। दूसरी ओर, हेम्प ने मिली ब्राइट की लॉन्ग बॉल की सहायता से इंग्लैड का दूसरा गोल जमाकर ऑस्ट्रेलिया को फिर संकट में डाल दिया।

मेज़बान टीम ने मुकाबले में वापसी का प्रयास किया लेकिन रूसो ने निर्धारित समय समाप्त होने से सिर्फ चार मिनट पहले इंग्लैंड का तीसरा गोल जमाकर ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम क्षणों में स्थानापन्न खिलाड़ी मैदान पर उतारकर स्कोर बराबर करने का हर संभव प्रयास किया लेकिन इंग्लैंड ने अपने सुसंगठित डिफेंस की बदौलत खामोश पड़े स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में मेज़बान टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इंग्लैंड की लूसी ब्रॉन्ज़ ने जीत के बाद कहा, यही एक चीज़ है जो मैं हमेशा से चाहती थी, विश्व कप के फ़ाइनल में होना। मुझे विश्वास नहीं हो रहा। हम सभी ने फाइनल में पहुंचने का सपना देखा है, परिवार और दोस्त फाइनल तक हमारे साथ रहे, उन सभी ने हम पर विश्वास किया और हमारा समर्थन करने के लिये यहां सभी का होना अविश्वसनीय है।

# शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज होने चाहिए : शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि भारत अपने लाइन-अप में विविधता लाने के लिए आगामी एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपने शीर्ष सात बल्लेबाजी स्थानों में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शामिल करने पर विचार करे।

शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए इशान किशन को विकेटकीपर के रूप में सुझाया, जो काफी समय से भारतीय वनडे टीम में शामिल हैं। इसके अलावा, प्रबंधन तिलक वर्मा या यशस्वी जायसवाल में से किसी एक युवा को शामिल करने पर भी विचार कर सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपके द्वारा बताए गए शीर्ष चार के अलावा, तीन अन्य क्रम हैं जहां दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को आना होगा। अब यह वह जगह है जहां चयनकर्ताओं की भूमिका आती है क्योंकि वे देख रहे हैं। वे जानते हैं कि कौन सा लड़का फॉर्म में है। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा आकर्षक हैं, उन्हें अंदर लाएँ। अगर आपको लगता है कि जायसवाल आकर्षक हैं तो उन्हें लाएँ।शास्त्री ने कहा, तो अगर आप पिछले छह से आठ महीनों से इशान किशन के साथ बने हुए हैं और वह विकेटकीपिंग करने जा रहा है, तो वह किसी भी स्थिति में आता है। लेकिन दो बाएं हाथ के खिलाड़ी लें। जडेजा सहित, शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के खिलाड़ी होने चाहिए। इशान किशन पिछले 15 महीने से कीपिंग कर रहे हैं, तो कहीं और क्यों जाएं? शास्त्री ने तिलक वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि भारत आगामी मेगा आयोजनों के लिए मध्य क्रम में एक स्थान के लिए इस युवा खिलाड़ी पर विचार कर सकता है।

हालाँकि तिलक ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट में भाग नहीं लिया है, लेकिन उनकी पहली टी20 श्रृंखला उल्लेखनीय थी, और उन्होंने अपने सधे हुए शॉट चयन और प्रभावशाली संयम के लिए शास्त्री और अन्य लोगों से प्रशंसा प्राप्त की। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। और मुझे बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहिए। अगर मैं बाएं हाथ के खिलाड़ी की तलाश में हूं, तो मैं वास्तव में उसी दिशा में देखूंगा।



### अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह करेंगे

चौथे नंबर पर कोहली के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए, जहां स्टार बल्लेबाज ने 55.2 की प्रभावशाली औसत से 1767 रन बनाए, शास्त्री ने बताया कि उनका इरादा शीर्ष चार स्थानों पर अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करना था। अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह टीम के हित में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। आप जानते हैं, कई बार मैंने इसके बारे में सोचा था। यहां तक कि पिछले दो विश्व कप में भी, जब मैं 2019 में कोच था, तो मैंने सोचा था कि मुझे एमएसके प्रसाद के साथ भी उस शीर्ष भारी क्रम को तोड़ने के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, क्योंकि अगर हम शीर्ष पर दो या तीन विकेट गंवा बैठे, तो हम चले गए और यह साबित हो गया। सिर्फ उस अनुभव के लिए... और अगर आप विराट कोहली के रिकॉर्ड को देखें, तो वह चौथे नंबर पर काफी अच्छे हैं। नंबर 4 की स्थिति की दुविधा भारतीय क्रिकेट में बार-बार आने वाली समस्या है, 2019 वनडे विश्व कप के दौरान भी उन्हें इसी चुनौती का सामना करना पड़ा था। भारत ने 2019 विश्व कप के अंत के बाद से वनडे में नंबर 4 स्थान पर 11 खिलाड़ियों को खिलाया है।

## क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखे पंत



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स की ओर से सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाले वीडियो साझा किया गया है, जिसमें विकेटकीपर ऋषभ पंत बेंगलुरु में एक क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में एक भयानक दुर्घटना का शिकार होने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे पंत दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिये बेंगलुरु के पास एक मैदान में पहुंचे थे।

समारोह के दौरान पंत ने लोगों से खेलों का आनंद लेते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक बार जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आप खेल से प्यार करना बंद कर देते हैं। इसका एक कारण यह है कि आपके ऊपर बहुत दबाव होता है, आप जीवन में सफल होना चाहते हैं और कुछ न कुछ करना चाहते हैं, लेकिन जीवन का आनंद लेना कभी नहीं छोड़ना चाहिये।

गौरतलब है कि गत दिसंबर में पंत की कार दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गयी थी। इस दौरान कार डिवाइडर से टकराने के बाद आग की लपटों में घिर गई थी, लेकिन पंत ऐन वक्त पर अपनी मर्सिडीज से बाहर निकल गए थे।

इस साल फरवरी में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में पंत की मुंबई में सर्जरी हुई। डॉ. पारदीवाला ने पंत के दाहिने घुटने के तीन लिगामेंट का इलाज किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पंत इंग्लैंड के विरुद्ध जनवरी 2024 में शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला के ज़रिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

## इमरान के समर्थन में उतरे वसीम, पीसीबी से वीडियो डिलीट करने को कहा

**नई दिल्ली।** दिग्गज तेज़ गेंदबाज और कमेंटेटर वसीम अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पाकिस्तानी क्रिकेट के इतिहास से जुड़ी वीडियो में इमरान खान के नहीं होने पर अचंभा ज़ाहिर करते हुए कहा है कि पीसीबी को वीडियो डिलीट कर माफी मांगनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि पीसीबी ने 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें 1952 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास की झलकियां दिखाई गयी थीं। इस वीडियो में पाकिस्तान की 1992 विश्व कप की जीत की तस्वीरों को भी शामिल किया गया, हालांकि टीम के तत्कालीन कप्तान इमरान खान उनमें नज़र नहीं आये।

वसीम ने अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, लंबी उड़ानों और घंटों की यात्रा के बाद श्रीलंका पहुंचकर मुझे अपने जीवन का सबसे



बड़ा झटका तब लगा जब मैंने पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पीसीबी की छोटी क्लिप में महान इमरान खान को नहीं देखा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान को तोशखाना मामले में तीन साल की सज़ा हुई है और पांच साल के लिये चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पीसीबी की कमान इस समय ज़का अशरफ़ के हाथों में है, जिन्हें इमरान के बाद प्रधानमंत्री बने शहबाज़ शरीफ़ ने नियुक्त किया है और वह पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ़ ज़रदारी के खास भी हैं।

वसीम ने कहा, राजनीतिक मतभेद एक तरफ, लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तानी क्रिकेट को एक मजबूत टीम के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। वसीम इमरान की अगुवाई में 1992 विश्व कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे और उन्होंने टूर्नामेंट के 10 मैचों में 18.78 की औसत से 18 विकेट चटकाये थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये फाइनल में वसीम ने तीन विकेट लेने के अलावा 33 रन भी बनाये थे, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

## एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में मनदीप मोर भारत की पुरुष टीम के कप्तान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर मनदीप मोर आगामी एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम तथा मिडफील्डर नवजोत कौर में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगे। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 29 अगस्त से 3 सितंबर तक तथा महिला क्वालीफायर में 25 से 28 अगस्त तक ओमान में होगा। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों की घोषणा हॉकी इंडिया ने यहां की। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच जनार्दन सीबी ने कहा कि हमारी टीम एकदम संतुलित है। हमारी टीम में बहुत प्रतिभा है। हमारी टीम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब है। हमारी टीम एशियन हॉकी 5 में बढ़िया प्रदर्शन कर हॉकी 5 विश्व कप के



लिए क्वॉलिफाई करने को प्रतिबद्ध है। वहीं एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम की कोच सौंदर्या येंडला ने कहा कि मुझे इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। हमारी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारी खिलाड़ी विश्वास से भरी हैं। हमारी टीम में खासी अनुभवी खिलाडियों के साथ कई नौजवान खिलाड़ी भी हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहेंगी।

### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम

**गोलरक्षक** : सूरज करकेरा। **रक्षापंक्ति** : मनदीप मोर (कप्तान), जुगराज सिंह, डिप्सन टिर्की, मंजीत। **मध्य पंक्ति** : मनिंदर सिंह, मोहम्मद रहील मुदीन (उपकप्तान)। **अग्रिम पंक्ति** : पवन राजभर, गुरजोत सिंह। स्टैंड बायः प्रशांत चौहान, सुखविंदर, आदित्य सिंह, अरुण साहनी। **कोच** : जनार्दन सीबी।

### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम

**गोलरक्षक** : बांसुरी सोलंकी। **रक्षापंक्ति** : अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी। सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम। **मध्य पंक्ति** : नवजोत कौर(कप्तान), अजमीना कुजूर। **अग्रिम पंक्ति** : मरियाना कुजूर, ज्योति (उपकप्तान), दीपि मोनिका टोपो। **स्टैंडबाय** : कु रमापू राम्या, निशी यादव, प्रियंका यादव, रितिन्या साहू। **कोच** : येंडेल्या सौंदर्या।

## घुटने की चोट के कारण वनडे कप से बाहर हुए शॉ

**नॉर्थम्पटन)।** युवा भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड में जारी रॉयल लंदन वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गये हैं। नॉर्थम्पटनशर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने एक बयान में कहा, अपने छोटे से कार्यकाल में पृथ्वी ने इस क्लब पर बहुत गहरा प्रभाव डाला है। यह बहुत शर्म की बात है कि वह इस प्रतियोगिता के शेष भाग के लिये हमारे साथ नहीं रहेंगे। वह एक अत्यंत विनम्र युवक है, वह बहुत सम्मानित है और नॉर्थम्पटनशर का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिये बहुत आभारी रहा है। उन्होंने कहा, मैदान पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारे ड्रेसिंग रूम में भी उनका बहुत बड़ा प्रभाव था। कोई भी उनसे ज्यादा मैच जीतने की ललक नहीं रखता था और उन्होंने ऐसा करने में योगदान दिया है। हम उनके स्वस्थ होने की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम उन्हें जल्द ही फिर से रन बनाते हुए देखेंगे।

शॉ ने पिछले हफ्ते नॉर्थम्पटनशर के लिये खेले गये तीसरे मैच में 153 गेंदों में रिकॉर्डतोड़ 244 रन बनाकर अपनी टीम को समरसेट पर 87 रन से जीत दिलाई थी। इसके बाद उन्होंने डरहम के खिलाफ शानदार शतक जड़ा था। वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की शृंखला के अलावा चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों के लिये चुनी गयी टीम में भी शॉ की अनदेखी की थी।

### सार संक्षेप

## वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

लाहौर। पाकिस्तान के अनुभवी वामहस्त गेंदबाज़ वहाब रियाज़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वहाब ने अपने 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, एक अद्भुत सफर के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पीसीबी, मेरे परिवार, कोच, मेंटर, टीम के साथियों, प्रशंसकों और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का बेहद धन्यवाद। वहाब ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो दिसंबर 2020 को खेले गये एक टी20 मैच में आखिरी बार पाकिस्तान का प्रनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि संन्यास लेने का निर्णय पाकिस्तानी क्रिकेट की युवा प्रतिभाओं पर उनके अटूट विश्वास का प्रमाण है और अब वह दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। वहाब ने कहा, मैं अपने संन्यास के बारे में बीते दो वर्षों से बात कर रहा हूं कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरे संन्यास का समय होगा।

मैं इस समय इस बात से पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने अपनी पूरी क्षमता के अनुसार अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सेवा की। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और विशेषाधिकार की बात रही है। इस अध्याय को खत्म करते हुए मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट के नये सफर की शुरुआत करने के लिये रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से मुकाबला करते हुए दर्शकों का मनोरंजन और उन्हें प्रेरित कर पाऊंगा। वहाब ने पाकिस्तान के लिये 27 टेस्ट खेलकर 34.50 की औसत से 83 विकेट लिये। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के लिये 91 एकदिवसीय मैच (120 विकेट) और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच (34 विकेट) भी खेले।

# इंग्लैंड वनडे टीम में हुई बेन स्टोक्स की वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध होने वाली चार मैचों की एकदिवसीय शृंखला और भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित टीम में बेन स्टोक्स को शामिल किया है। इंग्लैंड के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा, बेन स्टोक्स की मैच-जिताऊ क्षमता और उनकी नेतृत्व की खूबियों के साथ उनकी वापसी सिर्फ हमारी मज़बूत टीम में सुधार ही करती है। मुझे यकीन है कि सभी प्रशंसक उन्हें दोबारा इंग्लैंड की एकदिवसीय शर्ट पहने देख खुश होंगे।

उन्होंने कहा, अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा। उल्लेखनीय है कि स्टोक्स ने



> अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा: ल्यूक राइट, मुख्य चयनकर्ता ईसीबी

जुलाई 2022 में कार्यभार प्रबंधन का हवाला देते हुए एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, हालांकि इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने हाल ही में उन्हें विश्व कप के लिये भारत ले जाने की मंशा ज़ाहिर की थी। द टेलिग्राफ की ओर से सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर गत विश्व चैंपियन इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर पूछते हैं तो स्टोक्स वनडे विश्व कप 2023 के लिये संन्यास वापस लेने के लिये तैयार हैं।

स्टोक्स की वापसी के साथ युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम से बाहर हो गये हैं। ईसीबी ने कहा कि सब कुछ सही रहने पर न्यूज़ीलैंड सीरीज के लिये चुनी गयी टीम ही विश्व कप खेलने भारत आयेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड पांच सितंबर तक विश्व कप के लिये अपनी टीमों की घोषणा कर सकते हैं, जबकि 28 सितंबर तक उन टीमों में बदलाव किया जा सकता है।

एकदिवसीय विश्व कप 2023 की शुरुआत पांच अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच मुकाबले के साथ होगी। विश्व कप 2019 का फाइनल भी इन्हीं दो टीमों के बीच खेला गया था जहां स्टोक्स ने 84 रन की मैच-जिताऊ नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को विश्व चैंपियन बनाया था।

इस बीच, इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चार मैचों की टी20 सीरीज के लिये भी टीम की घोषणा की। ईसीबी ने टीम में जॉश टंग, गस एट्किंसन और जॉन टर्नर को शामिल किया है, जो इस शृंखला में इंग्लैंड के लिये टी20 पदार्पण कर सकते हैं। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज 30 अगस्त को, जबकि वनडे सीरीज आठ सितंबर को शुरू होगी।

**इंग्लैंड वनडे टीम** : जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, जेसन रॉय, बेन स्टोक्स, रीस टोपली, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

**इंग्लैंड टी20 टीम** : जॉस बटलर (कप्तान) रेहान अहमद, मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, आदिल राशिद, जॉश टोंग, जॉन टर्नर, ल्यूक वुड।

## सुडोकू 6288 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |


| SENSEX | BSE 65539.42 ▲ 137.50 | NSE 19465.00 ▲ 30.45 | MCX Gold 58801 ▼ 173 | silver 70009 ▲ 55 |
|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## गो फर्स्ट एयरलाइन की सभी उड़ानें 18 अगस्त तक कैंसिल

नई दिल्ली। आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट ने अब अपनी सभी उड़ानें 18 अगस्त तक रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने पिछले 3 मई से लगातार अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर रखा है। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर ट्वीट कर कहा कि परिचालन कारणों से 18 अगस्त तक गो फर्स्ट की सभी उड़ानें कैंसिल कर दी गई हैं। गो फर्स्ट ने कहा कि असुविधा लिए हम क्षमा चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए सभी ग्राहक https:hoturl.at/jlrE पर जा सकते हैं। किसी तरह के संशय या सवाल मन में होने पर आप बेझिझक हमसे संपर्क कर सकते हैं।



## कच्चे तेल, डीजल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल और डीजल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है, जबकि विमान ईंधन के निर्यात पर उपकर वापस लगाया गया है। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में लगाया जाने वाला कर 4,250 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7,100 रुपये प्रति टन कर दिया गया है।डीजल के निर्यात पर एसएईडी एक रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 5.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर 15 अगस्त से दो रुपये प्रति लीटर का शुल्क लगाया जाएगा। इससे पहले विमान ईंधन पर कोई एसएईडीनहीं था। पेट्रोल पर एसएईडी शून्य रहेगा। नई कर दरें मंगलवार से लागू होंगी। भारत ने पहली बार पिछले साल एक जुलाई को विंडफॉल टैक्स लगाया था और यह उन देशों की बढ़ती संख्या में शामिल हो गया, जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है। अगर कच्चे तेल की वैश्विक कीमत 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाती है, तो घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लगाया जाता है। अगस्त में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत औसतन 86.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रही।

# अब चने पर भी महंगाई की मार

*नई दिल्ली। टमाटर के बाद अब चना पर भी महंगाई का रंग चढ़ने लगा है। कई हफ्तों तक स्थिर रहने के बाद सबसे अधिक खपत वाली दालों में से एक चने के भाव भी अब बढ़ने लगे हैं। यह सरकार के लिए सिरदर्द बन सकता है।*

हाल में टमाटर के खुदरा भाव 242 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने से सरकार की मुश्किलें बढ़ गई थीं। हालांकि राहत यह है कि अरहर और उड़द जैसी अन्य दालों की तुलना में राज्य एजेंसियों के पास चने का पर्याप्त स्टॉक है। इससे चने की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। हालांकि सरकार के पास चने के स्टॉक के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन व्यापार और बाजार सूत्रों के अनुसार यह लगभग 35 से 36 लाख टन है। लंबे समय बाद चना वर्ष 2023—24 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,335 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से ऊपर बिक रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इससे कितने किसानों को लाभ होगा क्योंकि

### त्यौहारी सीजन बड़ी वजह



आमतौर पर चने की कटाई मार्च में ही खत्म हो जाती है। कारोबारियों का कहना है कि चने की कीमतों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह त्यौहारी सीजन से पहले मिलों की ओर से बढ़ी मांग और इसका स्टॉक कम होना है। कुछ कारोबारियों का यह भी मानना है कि अरहर और उड़द की कीमतों में आई तेजी का असर चने की कीमतों पर भी पड़ रहा है। कारोबारियों के अनुसार प्रमुख खपत केंद्रों पर एक जुलाई से 12 अगस्त के बीच देसी चना के भाव 12 फीसदी बढ़ चुके हैं। इस दौरान काबुली चने की कीमतों में प्रमुख कारोबारी केंद्रों पर 14 से 29 फीसदी इजाफा हुआ है। इसी अवधि में बेसन के भाव 10 से 12 फीसदी बढ़े हैं।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक जुलाई से 12 अगस्त के बीच दिल्ली में चना दाल की थोक कीमत 5,750 रुपये से बढ़कर 6,400 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। जाहिर है, इस दौरान चना दाल 11.3 फीसदी महंगी हो चुकी है। इस साल जनवरी में चने की खुदरा महंगाई 1.18 फीसदी थी, जो जून में बढ़कर 2.97 फीसदी हो गई। इस दौरान अरहर की खुदरा महंगाई 10.94 फीसदी से बढ़कर 27.50 फीसदी हो गई। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकारी स्टॉक से जो चना बाजार में उतारा जाता है, उसकी कीमतों में भी बीते कुछ सप्ताह में संशोधन हुआ है। पिछली बिक्री की तुलना में अब भाव 200 से 250 रुपये प्रति क्विंटल अधिक हैं।

# मुनाफावसूली से सस्ता हुआ जीरे का तड़का

*नई दिल्ली। जीरे की महंगाई से परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है क्योंकि जीरे की कीमतों में अब कुछ गिरावट आई है। जीरा सस्ता होने की मुख्य वजह ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने को माना जा रहा है। उत्पादन में कमी के कारण इस साल जीरे के भाव बढ़कर दोगुने हो गए थे।*

इस साल देश में जीरा उत्पादन 3.8 से 4 लाख टन होने का अनुमान, जो पिछले साल के उत्पादन 6.29 लाख टन से काफी कम है।

**ऊपरी स्तर से 6,200 रुपये से अधिक फिसला जीरा** – इस महीने जीरे की कीमतों में नरमी देखी जा रही है। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड पर इस महीने 7 तारीख को अगस्त कॉन्ट्रैक्ट ने 63,540 रुपये के



भाव पर ऊपरी स्तर छू लिया था, आज इस कॉन्ट्रैक्ट ने 57,305 रुपये क्विंटल के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस तरह इस महीने जीरा ऊपरी स्तर से 6,235 रुपये प्रति क्विंटल फिसल चुका है। बुधवार को भी जीरे की वायदा कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आज जीरे का अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 59,600 रुपये के भाव पर खुला और खबर लिखे जाने के समय 57,305 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था, पिछला क्लोजिंग प्राइस 60,940 रुपये क्विंटल था। जाहिर है आज जीरे के वायदा भाव में करीब 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

**बीते महीनों में जीरे के भाव काफी बढ़े** – कमोडिटी एक्सपर्ट ने कहा कि बीते महीनों में जीरे के भाव काफी बढ़ चुके हैं। ऐसे में अब ऊंचे भाव पर कुछ दिनों से मुनाफावसूली देखी जा रही है। इसलिए जीरे के भाव गिर रहे हैं। भारतीय जीरा अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब महंगा पड रहा है। साथ ही अच्छी गुणवत्ता के जीरे की कमी है। ऐसे में इसकी निर्यात मांग सुस्त पड़ने लगी है। लिहाजा आगे निर्यात घटने पर देश में जीरा की कीमतों में नरमी देखी जा सकती है। हालांकि उत्पादन घटने से जीरे की उपलब्धता कमजोर है। ऐसे में भाव बहुत ज्यादा गिरने की संभावना नहीं है।

# शेयर बाजार शुरुआती नुकसान से उबरे, सेंसेक्स 137 अंक चढ़ा



*मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती नुकसान से उबरते हुए लाभ के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में करीब 137 अंक की बढ़त रही। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली इन्फोसिस, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।*

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 137.50 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,539.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 369.03 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.45 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,465 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक 2.43 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, विप्रो और एसबीआई में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।

# भारत का निर्यात क्षमता से काफी कम : रिपोर्ट

*नई दिल्ली। भारत को वर्ष 2030 तक निर्यात में 1,000 अरब डॉलर का लक्ष्य हासिल करने के लिए अमेरिका, चीन और जापान जैसे विभिन्न देशों में घरेलू निर्यातकों को पेश होने वाली गैर-व्यापार बाधाएं (एनटीबी) दूर करने की दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत है।*

शोध संगठन जीटीआरआई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' ने निर्यात पर गैर-व्यापार बाधाओं का असर कम करने के लिए दोतरफा रणनीति का सुझाव भी दिया। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''पूर्व-पंजीकरण जरूरतों को पूरा करने में समय लगने और कई देशों में अनुचित घरेलू मानकों/नियमों की मौजूदगी से भारत के कई निर्यात प्रभावित



होते हैं। भारत को इनके उचित समाधान के लिए भागीदार देशों से बात करनी चाहिए।''उन्होंने कहा कि भारत के कई खाद्य व कृषि उत्पादों को उच्च कीटनाशक स्तर, कीटों की उपस्थिति और मुंहपका-खुरपका रोग के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत को हर मुद्दे को उठाना चाहिए और उसे कम से कम समय में हल करना चाहिए।

''उन्होंने कहा, ''भारत का निर्यात क्षमता से काफी कम है क्योंकि उन्हें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों में एनटीबी का सामना करना पड़ रहा है।''

# फिच ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर की रेटिंग घटाई; कहा - संरचनात्मक मुद्दों का दिख रहा असर

**नई दिल्ली।** फिफिच रेटिंग्स ने बुधवार को एक रिपोर्ट में भारतीय बैंकिंग सेक्टर की रेटिंग घटा दिया है, हालांकि उसने कहा कि कोविड-19 महामारी से जुड़े आर्थिक जोखिम कम होने के साथ भारतीय बैंकों के लिए परिचालन माहौल (ओई) मजबूत हुआ है, लेकिन संरचनात्मक मुद्दों का रेटिंग पर प्रभाव दिख रहा है।

फिच ने यह भी कहा कि अन्य संरचनात्मक मुद्दे जैसे लंबी कानूनी प्रक्रिया और बैड बैंक का सार्थक भूमिका नहीं निभाना इसमें में बाधा डालता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने कहा कि महामारी से पहले के स्तर की तुलना में इस क्षेत्र के लिए विवेकपूर्ण संकेतकों की संख्या में भी सुधार हुआ है, हालांकि अपेक्षाकृत सौम्य ओई में जोखिम की बढ़ती भूख संभावित तनावपूर्ण खातों के लिए उचित बफर के महत्व पर प्रकाश डालती है। फिच ने मार्च 2020 में भारतीय बैंकों के लिए अपने ओई मिड-पॉइंट स्कोर को बीबी प्लस से संशोधित कर बीबी कर दिया। रेटिंग में यह गिरावट इस आकलन आधार पर की गई है कि महामारी के कारण सेक्टर के सामने ओई से जुड़े मौजूदा तनाव बढ़ने की संभावना है। फिच के मुताबिक, भारत इस महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ था, लेकिन इससे जुड़े खतरे अब कम हो गए हैं।रिपोर्ट में कहा गया है, फिच ने मई में सरकार की रेटिंग बीबीबी-/स्थिर की पुष्टि की थी और हम वर्तमान में मार्च 2026 तक तीन वर्षों में वास्तविक औसत जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत सालाना होने का अनुमान लगाते हैं, जो भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में रखता है।

महामारी संबंधी जोखिमों में कमी के साथ-साथ पूंजी बफर भी मजबूत हुआ है। बैंकिंग सेक्टर का औसत सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) पूंजी अनुपात वित्त वर्ष 2023 तक बढ़कर 13.4 प्रतिशत हो गया, जो वित्त वर्ष 2018 में 10.4 प्रतिशत था। फिच रेटिंग्स ने कहा कि यह आंशिक रूप से 2015 के बाद से सरकारी बैंकों को सरकार द्वारा प्रदान की गई लगभग 50 अरब डॉलर की संचयी ताज़ा इक्विटी को दर्शाता है। फिच के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में परिचालन लाभ जोखिम में फंसी पूंजी का लगभग 2.8 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कमाई के मोर्चे पर भी पर्याप्त बफ़र है। वित्त वर्ष 2019-20 में परिचालन लाभ जोखिम में फंसी पूंजी के 0.6 प्रतिशत से ज्यादा रहा।

# अगस्त के पहले पखवाड़े में घटी पेट्रोल, डीजल की मांग

नई दिल्ली। भारत में पेट्रोल और डीजल की खपत अगस्त के पहले पखवाड़े में घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मानसून की वजह से आवाजाही प्रभावित होने तथा औद्योगिक गति -विधियों में सुस्ती की वजह से वाहन ईंधन की मांग में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है।आमतौर पर मानसून के चार माह के दौरान ईंधन की खपत कम रहती है। देश में सबसे अधिक इस्तेमाल वाले ईंधन डीजल की खपत एक से 15 अगस्त के दौरान 5.7 प्रतिशत घटकर 26.7 लाख टन रह गई है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन फैमिली कार पेश की

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी नवीनतम पेशकश, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक नई कॉम्पैक्ट एमपीवी है जो स्टाइलिश और प्रीमियम नई पारिवारिक कार है और स्थान के मामले में बेजोड़ है तथा उत्कृष्ट ईंधन दक्षता का दावा करती है। भारतीय एमपीवी सेगमेंट में पहले से ही अग्रणी, इस सात-सीटर के लॉन्च से बाजार में टोयोटा की उपस्थिति को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बी-एमपीवी सेगमेंट में टोयोटा के प्रवेश का प्रतीक, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और मन की शांति चाहने वाले परिवारों के लिए एक प्रतिष्ठा और सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करता है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और उत्कृष्ट ईंधन दक्षता से समर्थित यह कॉम्पैक्ट एमपीवी सेगमेंट ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को उपयुक्त रूप से पूरा करता है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन के केंद्र में नियो ड्राइव तकनीक और ई-सीएनजी तकनीक के साथ शक्तिशाली के सीरीज का 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन है जो प्रतिक्रियाशील होने के साथ-साथ ड्राइविंग में आनंद लाने का वादा करता है। अत्याधुनिक के-सीरीज़ इंजन से उत्कृष्ट ईंधन दक्षता प्रदान करने की उम्मीद है। इसका पेट्रोल रूपांतर एक लीटर में 20.51 किलोमीटर चलता है जबकि एक लीटर सीएनसी से यही गाड़ी 26.11 किलोमीटर प्रति किलोमीटर चलती है। ऑल न्यू टोयोटा रूमियन एस एमटी/एटी, जी एमटी, और वी एमटी/एटी, एस एमटी सीएनजी के छह वेरिएंट में उपलब्ध होगा, जो ग्राहकों के लिए विकल्पों की एक विस्तृत रेंज पेश करेगा।

टीकेएम के प्रबंध निदेशक और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ), श्री मासाकाजु योशिमुरा ने कहा, ﬖटोयोटा में, हम विश्व स्तरीय वाहन देने से कही।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71600 चांदी रिफाइन -73000

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71600 चांदी रिफाइन -73000


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.95 |
| एक यूरो | 90.46 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.57 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.41 |
| एक जापानी येन | 00.56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज विभाग) जिला बालाघाट (म.प्र.)

Office e-mail-modgmbal@mp.gov.in Ph. No. 07632-241683

क्रमांक/951/खनिज/2023 बालाघाट, दिनांक 14/08/2023

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 (1-क) के अंतर्गत पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स सतपुड़ा मिनरल्स, पता-वार्ड नं. 25 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बालाघाट जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2023 को प्रस्तुत किया गया था। दिनांक 18.09.2023 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. हे. में | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालाघाट | बालाघाट | कोचेवाड़ा | 42/1 | 3.990 | शासकीय | ग्रेनाईट | |
| | | | कुल रकबा | 3.990 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-बालाघाट (म.प्र.)

G-18399/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

## निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भापोल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू.क्रं./14/एन.एच.एम./2023-24/586 भोपाल, दिनांक 10.08.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यमे) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर एवं आमंत्रित की जाती है निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

ई-निविदा सूचना क्रमांक-14/2023-24 दिनांक 10.08.2023

| सं.क्रं. | टेंडर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा टेण्डर राशि रु. | टेण्डर दर राशि रु. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | जिला छिंदवाड़ा में विकासखंड तामिया के ग्राम झिरपा में उपस्वास्थ्य केंन्द्र भवन के सुदृणीकरण/मरम्मत एवं विकास का कार्य। | 31.99 | 50000.00 | 5000.00 | 08 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 14.08.2023 प्रातः 10.30 से दिनांक 28.08. 2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

जी- 18388/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग- जबलपुर

## न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1252/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक 11.08.2023

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीलचन्द जैन पिता स्व. श्री कस्तूरचंद जैन निवासी ग्राम शहपुरा (भिटौनी) जबलपुर के द्वारा मौजा.... न.बं.... प.ह.नं..... स्थित भूमि खसरा ब्लॉक नंबर 53 प्लाट नं. 33/17 में से रकवा 1250 वर्गफुट भूमि पर.... की मृत्यु दिनांक 30.01.94 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 26.8.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-11/08/2023
पेशी दिनांक-26/08/2023

तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 958

## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

### टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

### डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (लोककर्म विभाग)

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-332 16/08/2023 | नया वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत कचनार सिटी फेस 2 लक्ष्मी होम्स के पास श्री अमिताभ त्रिवेदी के घर के सामने से पुलिया तक (सं.क्र. 14 की सीमा) एवं एम-30 सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 8.24 लाख (आठ लाख चौबीस हजार रूपये मात्र) | 2000<br>8247 | 01/09/2023 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * (* पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

